वर्ष- 12 अंक - 50
लखनऊ, शनिवार 05 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सम्मान निधि से लाभांवित होंगे यूपी के 2.25 करोड़ किसान : सूर्य प्रताप शाही 03

किसानों के फसल नुकसान सर्वे में नहीं होगा हेरफेर : शिवराज सिंह 12


## तृतीयं चन्द्रघण्टा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्रकेर्युता। प्रसादं तनुते
मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि में तीसरे दिन इनकी पूजा होती है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है जिससे इनका यह नाम पड़ा। इनके दस हाथ हैं जिनमें वह अस्त्र-शस्त्र लिए हैं। ये एक हाथ में कमल दूसरे हाथ में तलवार धारण किए रहती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएसपी जियाउल हक हत्या कांड केस में 10 दोषी करार

**लखनऊ।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने चर्चित डीएसपी जियाउल हक हत्याकांड में 10 आरोपियों को दोषी करार दिया है। 2 मार्च 2013 को कुंडा के सीओ जियाउल हक की लाठी-डंडों से पीटने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया और उनके करीबी ग्राम प्रधान गुलशन यादव पर लगा था। हालांकि, सीबीआई की जांच में राजा भइया और गुलशन यादव को क्लीन चिट दे दी गई थी। सीओ जियाउल हक की हत्या में शामिल फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फबुल्ले पाल को दोषी ठहराया गया है।

### दिल्ली सहित दो दर्जन से अधिक जगहों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को चिटफंड मामले में कोलकाता, पंजाब, दिल्ली, मुंबई सहित देशभर में 24 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। ये छापेमारी चिटफंड में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने कोलकाता, पंजाब, दिल्ली और मुंबई में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से जुड़े चिटफंड मामले में जारी जांच के सिलसिले में की गई है। हालांकि, इस कार्रवाई की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिली है।

### उत्तराखंड : सीएम हेल्पलाइन समेत 186 वेबसाइट्स हैक

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बड़े साइबर हमले ने राज्य के सरकारी सिस्टम को हिलाकर रख दिया। साइबर हमले के चलते प्रदेश का पूरा आईटी सिस्टम 72 घंटे ठप रहा। इससे सरकारी कामकाज पर असर पड़ा। राज्य की कई महत्वपूर्ण वेबसाइटें और सेवाएं पूरी तरह से बंद हो गईं। इनमें सीएम हेल्पलाइन, भूमि रजिस्ट्री और ई-ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण प्लेटफार्म शामिल हैं। सचिवालय समेत अन्य विभागों में भी कामकाज नहीं हो पाया। आईटीडीए के अनुसार इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है। राज्य का डाटा सेंटर बंद हैं और वेबसाइटों की स्कैनिंग की जाएगी।

# मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर की सीमा पर नेंदूर-थुलथुली के जंगल में हुई मुठभेड़

▸ नक्सलियों के पास से एके 47 व एसएलआर जैसे अत्याधुनिक हथियार भी बरामद

एजेंसी



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के नेंदूर-थुलथुली ग्राम के जंगलों में शुक्रवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर की सीमा पर जवानों ने 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों के पास से एके 47 और एसएलआर जैसे दर्जनों अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए गये हैं। नक्सलियों के शवों और बरामद हथियारों को देर रात तक जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा लाया जाएगा। मारे गये नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

बस्तर आईजी सुंदराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। इनके अतिरिक्त और भी नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दंतेवाड़ा और नारायणपुर की सीमा पर नेंदूर-थुलथुली के जंगल में बड़े माओवादी लीडरों का जमावड़ा है। सूचना पर नारायणपुर पुलिस से समन्वय स्थापित कर एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया गया।

सूचना के बाद दंतेवाड़ा और नारायणपुर से गुरुवार की देर रात डीआरजी की टुकड़ियां मौके के लिए निकली गईं। पूरी रात चलने के बाद शुक्रवार सुबह जब जवानों की टुकड़ियां थुलथुली गांव के पास जंगलों में सर्च कर रही थी तब पहले से मौजूद नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। दोपहर एक बजे के करीब पहली मुठभेड़ हुई है। नक्सलियों की फायरिंग को देख जवान अलर्ट हुए और जवाबी कार्रवाई की। दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक रुक-रुक कर दोनों ओर से फायरिंग होती रही। शाम चार बजे जब जवानों ने मौके की पड़ताल की तो उन्हें वहां से सात नक्सलियों के शव मिले। इसके साथ एक एसएलआर, एक एक-47 और कुछ अन्य हथियार भी मिले। पहली मुठभेड़ के कुछ ही देर बाद दोबारा दंतेवाड़ा और नारायणपुर की टीम से नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस बार भी जवानों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाया। डीआरजी की टीम ने फिर सात नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने यहां से भी एके-47 जैसे अत्याधुनिक हथियार बरामद किये। इसके बाद नक्सलियों के मारे जाने की संख्या बढ़कर 30 तक पंहुच गई है।

### सावधानी से जवानों ने इस आपरेशन को दिया अंजाम

दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि शीर्ष नक्सली नेता नीति व अन्य बड़े लीडर्स की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर बडी पार्टी मौके के लिये निकाली गयी। नीति के साथ बड़ी संख्या में उसके अपने सुरक्षाकर्मी भी रहते हैं। इस लिहाज से बड़ी सावधानी से जवानों को इस आपरेशन को अंजाम देने निर्देश दिया गया था। रॉय ने बताया कि मौके पर कंपनी नं-6 पूर्वी डिवीजन व पीएलजीए के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई है। ये कंपनी इसी क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रही है।

## भाजपा नेता रतन दुबे हत्या मामले में एनआईए ने की छापेमारी

**नारायणपुर।** भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में फिर एक बार नारायणपुर के कौशलनार इलाके में आज शुक्रवार को एनआईए ने छापामारी की है। विधानसभा चुनाव के दौरान रतन दुबे की भरे बाजार में हत्या कर दी गई थी, मामले में जल्द बड़े खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि चार नवंबर 2023 को ग्राम कौशलनार साप्ताहिक बाजार में भाजपा नेता रतन दुबे को चुनाव प्रचार के दौरान उसकी सरेआम हत्या कर दी थी। नक्सल विरोधी अभियान के तहत 11 दिसंबर 2023 को नारायणपुर पुलिस ने चार संदेहियों को पकड़ा था, इनमें से एक बड़ेनहोड़ पारा कोंगेरा निवासी धनसिंग कोर्राम ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि वह रतन दुबे की हत्या में शामिल था। घटना की जांच पहले स्थानीय पुलिस कर रही थी। इस साल फरवरी महीने में एनआईए ने रतन दुबे हत्या के मामले को अपने हाथ में लिया और जांच शुरू की। मामले में एजेंसी ने पहले ही एक आरोपित धनसिंग कोर्राम के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल कर दिया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने जिले के कौशलनार इलाके में आज शुक्रवार को एनआईए ने छापेमारी की पुष्टि की है।

# ट्रक व ट्रैक्टर की भिड़ंत, दस लोगों की मौत, तीन घायल

एजेंसी



**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दस युवकों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर कटका गांव के पास बीती रात करीब एक बजे यह हादसा उस समय हुआ जब श्रमिकों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दस युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गम्भीर बातायी गयी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात लगभग एक बजे भदोही जिले तिउरी गांव से एक मकान के छत की ढलाई कर कुछ श्रमिक अपने घर वाराणसी की ओर ट्रैक्टर पर सवार होकर लौट रहे थे कि कछवा थाना क्षेत्र में प्रयागराज वाराणसी हाईवे पर औराई की आ रही एक अनियंत्रित ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में मिर्जामुराद के सिंहपुर गांव निवासी भानू (25), विकास (30), बीरबलपुर गांव के अनिल (35), सूरज कुमार (22), सनोहर (25), राकेश कुमार (25), नितिन (22), रोशन कुमार (25), प्रेम कुमार (40) और राहुल कुमार (26) की घटना स्थल पर हो गई है। घायलों में आकाश (18), जमुनी (26) और अजय को वाराणसी इलाज के लिए भेजा गया है। डाक्टरों के अनुसार तीनों की स्थिति गंभीर है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में को अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी जिससे उसमें बैठे कुछ लोग सड़क पर गिरे और उन्हे ट्रक ने रौंद दिया जबकि कुछ लोग गढ्ढे में भी गिर गए थे। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने जाम लगा दिया। मौके पर खुद पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सहित भारी संख्या में पुलिसबल पहुंच कर मामले को सम्हाला और नागरिकों को समझा बुझाकर कर शांत कराकर जाम खाली कराया।

### प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताया, अनुग्रह राशि घोषित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मीरजापुर सड़क हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में हुई सड़क दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## आदेश की अवमानना करते हुए ढांचों को ध्वस्त किया तो बनाना होगा दोबारा

एजेंसी

▸ बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

**नयी दिल्ली।** इन दिनों बुलडोजर की कार्रवाई एक बार फिर सुर्खियों में बनी हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट लगातार इस मामले में सुनवाई कर रहा है। शुक्रवार को भी इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बुलडोजर ऐक्शन पर बड़ी टिप्पणी की।

इसी क्रम में शुक्रवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर के पास हुए बुलडोजर ऐक्शन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। दरअसल मुस्लिम संगठन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यदि ये पाया गया कि उसके आदेश की अवमानना करते हुए ढांचों को ध्वस्त किया गया है तो उन्हें दोबारा बनाने का आदेश दिया जाएगा। बता दें कि जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई की।

## अमेठी हत्याकांड का पुलिस आज करेगी खुलासा

समृद्धि न्यूज

▸ मोबाइल फोन से मिले साक्ष्य चंदन वर्मा और मृतका पूनम के बीच प्रेम प्रसंग की ओर इशारा कर रहे
▸ आरोपित चंदन वर्मा समेत चार को पुलिस ने पकड़ा

**अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम को शिक्षक, उनकी पत्नी पूनम और दो बेटियों की हत्या के मामले में पुलिस हत्यारोपितों के करीब पहुंच चुकी है। आरोपित चंदन वर्मा समेत चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, लेकिन पुलिस आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोबाइल फोन से मिले साक्ष्य चंदन वर्मा और मृतका पूनम के बीच प्रेम प्रसंग की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस शनिवार को इस पूरे मामले में खुलासा कर सकती है। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में किराए के मकान में रहने वाले रायबरेली के मूल निवासी शिक्षक सुनील कुमार, उसकी पत्नी पूनम भारती, बेटी सृष्टि और लाडो की गुरूवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके पैतृक गांव रायबरेली भेज दिया गया है। रिपोर्ट में मृतकों के शरीर से सात गोली निकालने की बात सामने आ रही है। अमेठी के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगातार काम कर रही है। पुलिस को मिले तमाम साक्ष्य और मोबाइल में आरोपित चंदन वर्मा और मृतका पूनम की तस्वीरें इस ओर साफ इशारा कर रही हैं कि इन दोनों के बीच में प्रेम प्रसंग था।

### तिरुपति लड्डू विवाद की जांच के लिए एसआईटी का होगा गठन

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में लड्डू तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु वसा के कथित मिलावट की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने निर्देश देते हुए कहा एसआईटी में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों और केंद्र सरकार के निकाय भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को शामिल किया जाएगा। पीठ ने कहा, हमने मामले में आरोप-प्रत्यारोपों पर विचार नहीं किया है।

## शाह ने गांधीनगर को दी 473 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

एजेंसी



**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपनी गुजरात यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को गांधीनगर नगर निगम के विभिन्न 473 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। गांधीनगर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि गांधीनगर क्षेत्र शुरु से ही विकास का केंद्र बिंदु रहा है।

नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब से लेकर आज तक गांधीनगर में लगातार विकास कार्य चलता रहा है। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी गांधीनगर में अब मेट्रो भी आ गई है और यहाँ फ़ोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी और पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई है। साथ ही भारत में रेलवे स्टेशन पर सबसे पहला 5 स्टार होटल भी गांधीनगर में बना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गांधीनगर के पूर्ण विकास में बहुत अधिक योगदान दिया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन हुआ है उसे गांधीनगर की जनता को छोटे हिस्सों में नहीं देखना चाहिए। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अर्बन डेवलपमेंट पॉलिसी लाई गई और शहरों को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त करने की नीतियां बनाई गई।

### जयपुर सहित देश के एक सौ से अधिक एयरपोर्ट को मिला धमकी भरा मेल

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट के साथ ही देशभर के सौ से अधिक एयरपोर्ट की सुरक्षा की चुनौती देने का धमकी भरा मेल मिलने से एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया। शुक्रवार दोपहर बाद यह धमकी भरा मेल एयरपोर्ट पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ऑफिशियल आईडी पर भेजा गया है। मेल में लिखा कि रिजल्ट के लिए तैयार रहे और सब जगह होगा बूम...बूम...बूम। धमकी का मेल मिलने के तुरंत बाद सुरक्षा जवानों के साथ ही बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीम ने एयरपोर्ट पर ऑपरेशन चलाकर सर्च किया, लेकिन कहीं कुछ भी नहीं मिला। तब जाकर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने को भी शिकायत दी गई है।

## देश को विकसित बनाने के लिए सुधार रहेंगे जारी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक नीतियों में बुनियादी सुधार किए हैं और आगे भी ऐसे सुधार जारी रहेंगे। श्री मोदी ने यहां चाणक्य इकोनॉमिक कान्क्लेव (सम्मेलन) को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि समावेशी है और दस साल में गरीबी कम हुई है।

सम्मेलन में उपस्थित देश विदेश के निवेशकों और विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी प्रतिबद्धता है कि भारत को विकसित बनाने के लिए लगातार बुनियादी सुधार करते रहेंगे।÷ उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने भारत को आजादी के सौ साल पूरे होने तक (2047 तक) विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इंस्टिट्यूट ऑफ़ इकॉनोमिक ग्रोथ के अध्यक्ष एन के सिंह भी उपस्थित थे। यह तीसरा कॉन्कलेव संस्करण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश विनिर्माण क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है ताथा मोबाइल फोन, दुपहिया वाहनों के विनिर्माण और निर्यात में बड़ी उपलब्धियां दर्ज की है। उन्होंने कि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक वृद्धि सर्वहितकारी हो और इसका लाभ आबादी में नीचे तक पहुंचे। श्री मोदी ने कहा, रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर चलते हुए हम लगातार निर्णय ले रहे हैं,देश को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि कर रही बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### आज महाराष्ट्र को मिलेगी 56,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को महाराष्ट्र का दौरा कर 56,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में बताया है कि प्रधानमंत्री 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वाशिम जाएंगे और सुबह करीब 11:15 बजे पोहरादेवी स्थित जगदम्बा माता मंदिर में दर्शन करेंगे। वे वाशिम में संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। इसके बाद सुबह करीब 11.30 बजे प्रधानमंत्री बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी करीब 23,300 करोड़ रुपये की कई पहलों का शुभारंभ करेंगे।

# मृत्यु पूर्व बयान को सत्यापित किए बिना नहीं हो सकती है दोषसिद्धि : हाईकोर्ट

▸ बयान लिखने वाले की गवाही करवाकर बयान सत्यापित कराना जरूरी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर सजा तभी सुनाई जा सकती है जब बयान को विधिवत सत्यापित कराया गया हो। बिना सत्यापित बयान के आधार पर सजा का आदेश नहीं दिया जा सकता है।

भदोही के सिंटू और अन्य की अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने अभियुक्तों को सुनाई गई सजा रद्द कर दी है। अभियुक्तों को दहेज हत्या के लिए आईपीसी की धारा 304 व 34 के तहत दोषी ठहराया गया था। प्रत्येक को 50 हजार रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि मृतका द्वारा दिए गए मृत्यु पूर्व बयान को अभियोजन ने सत्यापित नहीं कराया और ना ही बयान लेखक की गवाही कराई गई। कोर्ट ने कहा कि मृतका ने स्थानीय बोली में बयान दिया था जिसका बयान लेखक ने अनुवाद किया था।

कोर्ट के कहा जिस व्यक्ति ने बयान लिखा उसे गवाही के लिए बुलाया ही नहीं गया। यदि बुलाया गया होता तो बचाव पक्ष को उससे जिरह का अवसर मिलता। ऐसा नहीं करने से बचाव पक्ष को प्रति परीक्षण का अवसर नहीं मिला। ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में मियांखानपुर निवासी मीरा देवी पत्नी पिंटू गौतम की 18 अक्टूबर 2017 को जल कर घायल हो गई। दो दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार सुनील कुमार उसका बयान लेने पहुंचे। उनका कहना है कि बयान उनके सामने कानूनगो ने लिखा और तब परिवार के लोग मौजूद थे। ट्रायल कोर्ट ने मीरा के मृत्यु पूर्व बयान के साथ ही अन्य साक्ष्यों पर भरोसा किया।

प्रतिबद्धता | रक्षा मंत्री ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सातवें वार्षिक सत्र को किया संबोधित

# रक्षा उद्योग को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की कवायद

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा उद्योग को सशक्त बनाने और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सातवें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए रूस-यूक्रेन संघर्ष से सबक लेकर रक्षा उद्योग के क्षेत्र में मजबूत आधार बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में एक मजबूत, नवोन्मेषी और आत्मनिर्भर रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की दिशा में प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देगी। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया, जिसमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों का निर्माण, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी करना, आयुध फैक्टरी बोर्ड का निगमीकरण, डीआरडीओ द्वारा निजी उद्योगों की मदद और अनावरण शामिल हैं। श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार के प्रयासों के कारण, देश में व्यापार करने में आसानी के लिए अनुकूल माहौल बनाया गया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर ले जाने में निजी क्षेत्र के प्रमुख योगदान की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई पहुंच गया जिसें सरकारी उपक्रमों की हिस्सेदारी एक लाख करोड़ रुपये थी, वहीं निजी कंपनियों ने लगभग 27,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया। उन्होंने कहा कि निजी उद्योगों की हिस्सेदारी बढ़ाने की बहुत बड़ी गुंजाइश है और अगला लक्ष्य कुल रक्षा उत्पादन में उनकी भागीदारी को कम से कम आधे तक लाना होना चाहिए। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने में सरकार के पूर्ण समर्थन का वादा किया। रक्षा मंत्री नेरक्षा विनिर्माण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एसआईडीएम चैंपियन पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने पुरस्कारों को भारतीय निर्माताओं के समर्पण और उत्कृष्टता का प्रतिबिंब बताया, जो इस क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए एक बेंचमार्क के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, एसआईडीएम अध्यक्ष राजिंदर सिंह भाटिया और उद्योग जगत के दिग्गज उपस्थित थे।

### एसआईडीएम फर्म-टू-फर्म सहयोग के लिए बनाए रोडमैप

विदेशी कंपनियों और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को भारत में निवेश करने या निजी उद्योग के साथ संयुक्त उद्यम खोलने के लिए प्रोत्साहित करने के सरकार दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने एसआईडीएम से फर्म-टू-फर्म आधार पर सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने उद्योग जगत से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर रक्षा और स्वायत्त प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में अधिक निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÿभारत के रक्षा उद्योग को वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखना चाहिए और उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एआई और स्वायत्त प्रणाली जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है, जो युद्ध के भविष्य को परिभाषित करेगा। सरकार सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

# चिनहट सीएचसी में सांसद निधि से निर्मित मीटिंग हॉल व अन्य संसाधनों का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चिनहट पर सांसद निधि द्वारा निर्मित मीटिंग हॉल तथा डेंटल चेयर व वॉयल ट्राली का लोकार्पण शुक्रवार को राज्यसभा सांसद बृजलाल द्वारा किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि चिकित्सीय पेशा बहुत ही महत्वपूर्ण पेशा है जिसमें व्यक्ति की सेवा करने का मौका मिलता है।

चिकित्सकों का काम सेवा ही है और सेवा ही परम धर्म है। कभी आपा मात खोएं। चिकित्सक हो या स्वास्थ्य कार्यकर्ता मरीजों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करें, व्यवहार हमेशा संतुलित रखें। मरीजों की आधी बीमारी अच्छे व्यवहार से ही ठीक हो जाती है। मरीजों के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनायें। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि चिनहट सीएचसी एक बड़ी आबादी को अच्छादित करती है। सीमित संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद भी यह अस्पताल बेहतर सेवाएं दे रहा है। यहाँ के सभी स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि सीएचसी पर मीटिंग हॉल और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सांसद निधि से हुयी है।

## कर्मचारियों के पुनर्गठन और मानदेय बढ़ाने की मांग

**लखनऊ ।** केंद्रीय और अकेंद्रीय सेवा के कर्मचारियों के पुनर्गठन के बाद आने वाली दिक्कतों को लेकर नगर निकाय निदेशालय के अध्यक्ष संदीप कुमार पांडे ने नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिए ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में केंद्रीय सेवा संवर्ग में कर्मचारियों की संख्या 3086 से बढ़कर 3601 हो गई है। लिपिकीय संवर्ग के अंतर्गत केवल 18 कर्मचारी इन सभी सेवा संबंधी मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। ऐसे में भविष्य में जब कर्मचारियों की संख्या 6686 हो जाएगी तब उनके मामलों का निस्तारण कैसे होगा यह एक गंभीर मुद्दा है। संघ ने सरकार से अनुरोध किया है कि अति शीघ्र निदेशालय के विभिन्न संवर्गों का पुनर्गठन किया जाए।

# सम्मान निधि से लाभांवित होंगे यूपी के 2.25 करोड़ किसान

**किसानों को 17 किस्तों के माध्यम से मिल चुके हैं 74,492.71 करोड़ रुपए**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों के खातों में कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की जाएगी। योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को लोकभवन मे पत्रकारों से बात करते हुए कहा किप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से उत्तर प्रदेश के किसान लगातार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है और कृषि क्षेत्र में स्थिरता आ रही है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को तत्परता से लागू करते हुएशानदार प्रगति की है।शाही ने बताया कि प्रदेश में योजना की शुरुआत से लेकर जुलाई 2024 तक सभी 17 किस्तों के माध्यम से किसानों को अब तक कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में राज्य के 2.76 करोड़ किसानों को कमसे कम एक बार इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इस दौरान 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई थी। इसके साथ ही, जिन किसानों की किस्तें किसी कारणवश रुकी हुई थीं, उन्हें 46.70 करोड़ रुपये की राशि उनके डाटा सुधार के बाद दी गई थी। देश के लगभग 9.51 करोड़ किसान होंगे लाभांवित पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त से पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों लाभांवित होंगे। 20,552 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की शुरुआत दिसंबर 2018 में किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के तहत, किसानों को आर्थिक सहायता के रूप में हर चार महीने में 2,000 रुपये की किस्त दी जाती है, जिससे एक साल में उन्हें कुल 6,000 रुपये की सहायता प्राप्त होती है।

## खबरें एक नजर में

### लेन-देन के विवाद में युवक की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हरदोई संडीला कासिमपुर के बहलोलपुर गांव निवासी अनमोल सिंह (30) आलमनगर स्थित असलम अली के हिंद टेंट हाउस में काम करते थे। गुरुवार रात खाना बनाते वक्त लालू उर्फसोमेंद्र से पुराने लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। उसकी चीख सुनकर टेंट हाउस मालिक असलम अली के साथ ही अन्य कर्मचारी रेहान, रामू के साथ आसपास के लोग एकत्र हो गए। अनमोल को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक अनमोल के भाई आलोक ने बताया कि टेंट हाउस संचालक रेहान ने भाई के बीमार होने की सूचना दी थी। उसके दस मिनट बाद कहा कि उनकी मौत हो गई। ट्रॉमा सेंटर में मौजूद दरोगा महेंद्र कुमार ने भी कुछ बताने की जगह बात टालते रहे। पुलिस तहरीर देने के बाद भी सभी आरोपियों के खिलाफहत्या का मामला भी दर्ज नहीं किया गया है। तालकटोरा इंस्पेक्टर ने बताया पूछताछ में आरोपी लालू उर्फ सोमेंद्र ने बताया कि खाना बनाते वक्त पुराने लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद मृतक अनमोल ने डंडे से उसकी (लालू) पिटाई शुरू कर दी। उसके बाद गला दबाकर मारने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान पास में पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### झालरों और फूलों से सजाया गया काली बाड़ी मंदिर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि के पावन अवसर पर कैसरबाग के घसियारी मंडी स्थित 162 साल पुराना काली बाड़ी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह मंदिर देवी काली की दिव्य शक्ति का प्रतीक है। जहां पर मां की बैठी हुई मुद्रा में अद्वितीय मूर्ति स्थापित है। काली बाड़ी मंदिर की स्थापना 162 वर्ष पूर्व प्रसिद्ध तांत्रिक मधुसूदन मुखर्जी द्वारा की गई थी। उन्हें मां काली की मूर्ति की कल्पना दिव्य स्वप्न के माध्यम से मिली। इस मूर्ति में देवी काली पंच मुंड के आसन पर विराजमान हैं और भगवान शिव निष्क्रिय रूप में उनके पैरों में स्थित हैं। इस मंदिर का अनूठा स्थापत्य और दिव्य वातावरण श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता है। मंदिर वर्षों से लखनऊ और आसपास के लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर सिर्फधार्मिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विकास कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंदिर ट्रस्ट और मैनेजिंग कमेटी द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिनमें जरूरतमंदों की सहायता और अन्य सामाजिक गतिविधियों का समावेश होता है।

### महानगर रामलीला में माता की चौकी आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महानगर रामलीला समिति के सभागार में ललित मोहन जोशी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें आगामी 5 अक्टूबर को तीसरी नवरात्र के अवसर पर माता की चौकी का अयोजन दिन में 3 बजे से देर रात तक होगा जिसमें माता के भजन अलग-अलग कलाकारों द्वारा गाए जायेंगे। समिति के महासचिव हेम पंत ने बताया इस अवसर पर डॉक्टर विश्वास बर्मा, अवकाश प्राप्त जस्टिस महेंद्र दयाल के द्वारा उनके सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुती होगी। इस अवसर पर बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंत, संरक्ष्यक सदस्य बी पी पांडे, नीरद लोहानी, नीरज लोहानी, नवीन पांडे, कुणाल पंत, आनंद सिंह बिष्ट, हरीश उपाध्याय, हरीश लोहुमी, अनिल जोशी, बृजेश मेहता, तारा दत्त जोशी भी मौजूद रहे। समिती के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया इस अवसर पर जस्टिस आलोक माथुर, डीजीपी आशुतोष पांडे भी विसिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### स्कूल जा रही आधा दर्जन छात्राओं को अगवा करने की कोशिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत मीठेनगर में स्कूल जा रही आधा दर्जन छात्राओं को पिकअप चालक ने अगवा करने की कोशिश की। छात्राओं के शोर मचाने पर राहगीरों ने विरोध किया तब पिकअप चालक वहां से भाग निकाला। स्कूल पहुंची छात्राओं ने प्रधानाचार्या को आपबीती सुनाई। प्रधानाचार्य ने छात्राओं के परिजनों को बुलाया। परिजनों ने मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कसमंडी कलां, मीठेनगर गांव निवासी एक पीड़ित ने बताया कि उसकी भतीजी (10) उच्च प्राथमिक विद्यालय कसमण्डी में आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वह गांव में रहने वाली कुछ सहेलियों के साथ स्कूल में पढ़ने जाती है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 08.30 बजे भतीजी अपनी सहेलियों के साथ स्कूल पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि मीठेनगर से कसमण्डी कला की तरफ जा रहे पिकअप चालक ने अचानक गाड़ी रोक दी, पिकअप में महिला समेत तीन अज्ञात सवार थे। महिला के हाथ में चाकू, और सिरिंज था। इस दौरान महिला छात्राओं को जबरन पिकअप में बैठाने लगी। तभी छात्राएं सहम गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी

### उत्तर प्रदेश में जंगलराज की पराकाष्ठा, हालात बेहद गंभीर : अजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमेठी में दलित परिवार की हत्या मामले को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उनके मुताबिक यूपी में जंगलराज है। साथ ही उन्होंने तिरुपति में प्रसादम में मिलावट मामले में भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के धार्मिक लगाव सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा, पूरे उत्तर प्रदेश में जंगलराज का माहौल है। प्रदेश में हालात बेहद गंभीर हैं। डेढ़ साल की बच्ची को गोली मारी गई, ऐसी बातें सुनना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं राजनीति में 32 साल से हूं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार सुन रहा हूं। यह जंगल राज की पराकाष्ठा है। इस जंगलराज में हम लोग रह रहे हैं, इससे बड़ा दुर्भाग्य हमारा क्या हो सकता है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के अमेठी में दलित परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे इलाके में हड़कंप मचा है।

# विद्युत कार्मिकों की कार्यों में की गई लापरवाही व शिथिलिता अक्षम्य : शर्मा

**ऊर्जा मंत्री ने विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी पर एमडी को लगाई फटकार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की जाए, इसमें किसी भी स्तर पर कार्यों में विद्युत कार्मिकों द्वारा कार्यों में की गई लापरवाही और शिथिलिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत व्यवधानों की शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाए।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम' से वाराणसी की विद्युत व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने वाराणसी की विद्युत आपूर्ति में आ रही गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी शंभू कुमार को जमकर फटकार लगाई और कहा कि विगत ढाई वर्षो से बनारस जैसे वैश्विक शहर की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई और आपूर्ति को लेकर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने गड़बड़ी करने वाले, विद्युत आपूर्ति के प्रावधान पर और कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले विद्युत कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बनारस शहर के सभी ओवरलोड ट्रांसफार्मर, जर्जर पोल, लाइन को तत्काल बदलने को कहा और निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति को लेकर कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वाराणसी की विद्युत व्यवस्था को कटौती मुक्त बनाना है, इसके लिए जो भी आवश्यक हो हर संभव प्रयास किए जाएं। विद्युत व्यवधानों को कम करने के लिए विद्युत उपकरणों, ट्रांसफार्मर, पोल, लाइन, मीटर, फ्यूज आदि की कमी न रहे।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बनारस की विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए 1500 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं फिर भी परिणाम धरातल पर नहीं आ रहा। विद्युत व्यवस्था के लिए पैसा भरपूर दिया जा रहा है। आपूर्ति और व्यवस्थापन को सुदृढ़ करने के लिए ठोस प्रयास किये जाए। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के बहादुरपुर गांव में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से वहां की विद्युत् व्यवस्था कुछ दिन पहले खराब हुई थी, जिसके लिए ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। साथ ही श्रावस्ती के विधायक ने भी शिकायत की है कि उनके स्वयं के घर में भी 05 दिन से लाइट नहीं आ रही है। उन्होंने विद्युत कार्मिकों को नगर निकाय के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने और विधिवत कनेक्शन देने के भी निर्देश दिए और यह भी सख्त हिदायत दी कि किसी भी पोल में करंट नहीं उतरना चाहिए। त्योहारों का समय है नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठपूजा आदि महत्वपूर्ण त्यौहार सामने हैं। श्रद्धालुओं को अंधेरे में आना-जाना न पड़े मार्ग प्रकाश व्यवस्था सही हो। एमडी पूर्वांचल शंभू कुमार ने बताया कि बनारस में 80 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। वर्ष 2024-25 में बिजनेस प्लान के तहत 535 जगहों पर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई। 303 जगहों पर 250 केवीए के नये ट्रांसफार्मर लगाये गये। 94 स्थानों पर जर्जर लाइनों का सुदृढ़ीकरण किया गया। बैठक में नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, सचिव अजय कुमार शुक्ला, यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे तथा पूर्वांचल के एमडी शंभू कुमार, बनारस के मुख्य अभियंता, अधिक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# नगर निगम में जीआईएस सर्वे कैंप में समाधान न होने पर मेयर नाराज



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ में जीआईएस कैंप के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। कैंप में आए लोगों को दूसरे दिन बुलाया जा रहा था, इसकी शिकायत मेयर से हुई। उसके बाद वह अपनी कुर्सी से खड़ी हो गईं। माइक उठाया और अधिकारियों को फटकार लगाना शुरू कर दिया।

दरअसल, जोन तीन के जानकीपुरम इलाके के उपभोक्ता एके दुबे ने बताया कि पहले 1400 का बिल आता है। अब वह बढ़ाकर 2400 रुपए कर दिया गया है। इसकी शिकायत की गई तो बताया गया कि कुछ दिन बाद सही होगा। उसके बाद शिकायतकर्ता मेयर के पास पहुंचा और मेयर ने बात सुनी तो नाराज हो गईं। उन्होंने कहा कि कैंप का क्या मतलब हुआ। मौके पर निस्तारण के लिए ही जीआईएस कैंप लगाया गया है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्या मतलब है। उन्होंने जोन तीन के जोनल अधिकारी अलंकार रस्तोगी से कहा कि आज ही समस्या का समाधान होना चाहिए। उसके बाद आनन-फानन में समस्या का समाधान किया गया। मेयर ने लोगों ने कहा कि अगर कोई समस्या का समाधान नहीं होता है, तो आप लोग हमारे पास आइए। उसके बाद संबंधित अधिकारी और इंस्पेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान सबसे ज्यादा 17 शिकायत जोन एक से आई। मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि पूरे शहर से 83 समस्याएं आई। इसमें सभी का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। पिछले करीब 5 महीने से जीआईएस कैंप लगाया जा रहा है। इसमें अब तक करीब 3500 से ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान हो गया है।

## योगी का आशीर्वाद लेने पहुंचें विश्व शतरंज के खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल



**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने देश के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज के खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी ने कुशाग्र लिटिल चैम्प से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह-मात पर खूब बात की। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने कुशाग्र अग्रवाल गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ पांच वर्ष ग्यारह माह के हैं एवं यूकेजी में पढ़ते हैं। उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है। 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे-रेटेड खिलाड़ी हैं। उन्होंने चार वर्ष उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए यूपी सरकार हर तरह की मदद करेगी।

# गोवंशीय पशुओं का वध करने वाला तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**आरोपी के पास से नशीला इजेंक्शन और कार भी जब्त**

समृद्धि न्यूज



**मलिहाबाद-लखनऊ ।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत चोरी-छिपे गौवंशीय पशुओं को नशील इंजेक्शन लगाकर बेसुध हालत में उनका वध करने वाले तस्कर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने तस्कर के पैर पर गोली मारकर उसे धर दबोचा। पुलिस को तस्कर के पास से एक कार भी मिली है। फिलहाल, जख्मी तस्कर को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि 30 सितम्बर की शाम करीब 07.10 बजे लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोहरामऊ गांव के बाहर झाड़ियों में एक गौवंश का मिला। पशु की गर्दन धड़ से अलग थी, जिसे तस्कर अपने साथ लेकर चले गए थे। तस्करों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए पशु का वध कर किया था। इसके बाद पुलिस से पुलिस तस्करों की तलाश में दबिश दे रही थी। डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब दो बजे ग्रामीणों को बड़ी गढ़ी गांव के पास गोकशी करने की सूचना मिली।

ग्रामीणों की सूचना मिलते ही पुलिस ने तीन तस्करों को घेर लिया, इसी बीच तस्कर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। जबावी फायरिंग में पुलिस ने हरदोई जनपद के संडीला थाना अंतर्गत झबनियां गांव निवासी इस्तियाक के पैर पर गोली मार उसको पकड़ लिया। जबकि उसके साथी वसीम, सूफियान और मो. अहमद अंधेरे में भाग निकले। पूछताछ के दौरान आरोपित ने गौकशी का जुर्म स्वीकार किया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपित के पास पुलिस ने एक नशीला इजेंक्शन और एक कार भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह गौवंशी पशुओं को नशीला इंजेक्शन लगाकर उनका वध कर देता था। एसीपी मलिहाबाद धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि घायल तस्कर को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। पूर्व में इस्तियाक के खिलाफ मलिहाबाद कोतवाली में गोवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। बताया कि आरोपित की निशानदेही पर पुलिस उसके साथियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों पर छापेमारी, कुट्टू का आटा कराया नष्ट, 39 सैंपल जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर लगाम कसने के लिए राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं लखनऊ जिलाधिकारी के निर्देश पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से 39 खाद्य नमूने एकत्रित किए गए। जिनमें कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, साबूदाना, मूंगफली, किशमिश और अन्य फलाहारी सामग्री शामिल है। छापेमारी के दौरान डालीगंज स्थित सर्वोत्तम गृह उद्योग से 1 क्विंटल 10 किलोग्राम कुट्टू का आटा, जिसका अनुमानित मूल्य 11,000 रुपए था। कीड़ों से संक्रमित पाए जाने पर तुरंत नष्ट कर दिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य (2) विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सभी एकत्रित नमूनों को विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।चारबाग और ठाकुरगंज स्थित खोया मंडियों में खाद्य कारोबारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें सहायक आयुक्त खाद्य (2) विजय प्रताप सिंह ने व्यापारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचने और खाद्य विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही में सहयोग करने के निर्देश दिए। सभी व्यापारियों को खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के साथ ही व्यापार करने की हिदायत दी गई।

# आग से सिलेंडर फटा, शार्ट सर्किट से लगी थी आग, टीन शेड उड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बाजारखाला में एक मकान में शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे करीब आग लग गई। आग की लपटें देख घर के लोग चीखपुकार मचाते हुए बाहर आ गए। इसी बीच घर में रखा एक छोटा और बड़ा सिलेंडर ब्लास्ट होने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ब्लास्ट से घर का टीन शेड उड़ गया। दमकल की दो गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। दूसरी तरफठाकुरगंज में एक इलेक्ट्रानिक सामान के गोदाम में आग लग गई। जिसको दमकल की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में काबू पा लिया।

एफएसओ चौक ने बताया कि बजारखाला एसके मोटर्स मोतीझील के पास स्थित संतोष पांडेय के मकान में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। सिलेंडर फटने से आग फैल गई। जिससे घर में रखा सारा सामान जल गया। जिसको दमकल कर्मियों ने दो तरफ से पानी डालकर 30 घंटे में बुझा लिया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। चौक स्थित लिम्रा हॉस्पिटल के पास श्री राम मार्केट के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इलेक्ट्रानिक्स सामान के गोदाम आग लग गई। आग की सूचना पर चौक फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद गोदाम का शटर तोड़कर आग पर पानी की बौझार कर आग पर काबू पाया। दुकान मालिक महेश तिवारी ने बताया कि वह बिजली के उपकरण की थोक सप्लाई का काम करते हैं। यहां पर गोदाम बना रखा है। आसपास के लोगों से जानकारी हुई कि यहां पर बैठने वाला एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने कबाड़ में आग लगाई थी। जिससे यह दुर्घटना हुई।

## गंदगी और सड़क पर बह रहे नाले से लोग नाराज नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ ।** गंदगी और सड़क पर नाले का पानी बहने से परेशान ईस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के लोगों ने शुक्रवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में करीब 8 मोहल्लों के लोग इस प्रदर्शन में शामिल हुए। मुलायम नगर मछली मंडी के पास काफी समय से गदंगी पसरी है। इसको लेकर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई। उसके बावजूद नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी कोई काम नहीं कर रहे है। ऐसे में नाराज लोगों ने पूर्व पार्षद के साथ मिलकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। मुलायम नगर मछली मंडी के पास हुए प्रदर्शन में लोगों ने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व पार्षद आरपी सिंह ने बताया कि पिछले छह महीने से यह स्थिति है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में पत्र लिखने अलावा सीएम पोर्टल भी शिकायत दर्ज कराई गई।

**बैठक** | पिछड़ा वर्ग आयोग ने शिकायतों पर की सुनवाई

# अधिकारियों की अनुपस्थिति पर चेयरमैन ने जताई नाराजगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग द्वारा शुक्रवार को आयोग कार्यालय, इन्दिरा भवन लखनऊ में विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि भविष्य में सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

शुरुआत में अमरजीत बनाम जिलाधिकारी, बहराइच के मामले की सुनवाई की गई, जिसमें अमरजीत ने जाति प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत की थी। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी या संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। हालांकि, प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि जाति प्रमाण पत्र अब जारी कर दिया गया है, जिसके बाद मामला निपट गया।दूसरे मामले में पटेल अवधेश निरंजन ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रोफेसर को पदोन्नति और विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं दी गई। कुलसचिव की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने अगली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए।कंवरपाल सिंह बनाम प्रमुख सचिव गृह और पुलिस अधीक्षक, शामली के मामले में शिकायत थी कि पुलिस ने हत्या के एक मामले में शिकायतकर्ता के परिवार को झूठे तरीके से फंसा रखा है। पोलीग्राफी टेस्ट में परिवार के खिलाफकोई रिपोर्ट न मिलने के बावजूद उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है।

आयोग ने गृह विभाग को निर्देश दिया कि मामले की जांच निकटवर्ती जनपद के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए। डा. सत्येन्द्र सिंह की प्रोन्नति में देरी के मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए आईआईटी के निदेशक और ए.के.टी.यू. के कुलसचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।सरोज देवी, बाँदा की शिकायत पर, जिसमें दो साल से वरासत दर्ज नहीं की गई थी, जिलाधिकारी बाँदा ने सुनवाई के दौरान वरासत दर्ज कराने की पुष्टि की। नायब तहसीलदार बाँदा द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिससे मामला सुलझ गया। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाया।

## पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की शुरुआत की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत ओ लेवल और ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि सरकार का यह प्रयास है कि पिछड़े वर्ग के युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार योग्य बनाया जाए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण से यह युवक-युवतियां अपनी क्षमता को निखार सकेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर समाज में आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और युवाओं को वैश्विक तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार करना है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण उन पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो।

# आरेडिका ने ऐहार गांव में किया ग्राम चौपाल आयोजित

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत (स्वच्छता ही सेवा मिशन 4.0) आरेडिका के आस-पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।



आज दिनांक 04.10.2024 को ऐहार गाँव में बाल्हेश्वर मन्दिर के निकट ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए गाँव वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय द्वारा किया गया।

## आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लान्ट में आईसीएफ के महाप्रबंधक का ने किया दौरा



आईसीएफ के महाप्रबंधक यू. सुब्बा राव ने फोर्ज्ड व्हील प्लान्ट/ आरेडिका का दौरा किया। राव ने आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण पर चर्चा की। आईसीएफ के महाप्रबंधक ने फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार एवं व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों एवं गुणवत्ता संबंधित मानकों के बारे में विचार विमर्श किया।
इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी श्री सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जय मां जसवन्ती देवी दुर्गा पूजा समिति ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

> महराजगंज का नवरात्रि महोत्सव है विशेष : प्रभात साहू

तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध जसवन्ती देवी मंदिर सैकड़ो वर्षों से भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र होता है। नवरात्रि पर इस मंदिर में भक्तों की काफी संख्या में भीड़ बढ़ जाती है और लोग आकर माता रानी की पूजा अर्चना करते हैं। पिछले 39 वर्षों से लगातार जय मां जसवन्ती देवी दुर्गा पूजा समिति महराजगंज द्वारा माता के प्रांगण में नवरात्रि महोत्सव शारदीय नवरात्रि पर मनाया जाता है जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य चेयरमैन प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता प्रभात साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता रानी के दरबार में लोगों की भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो रही है एवं विभिन्न का प्रकार के कार्यक्रम भी मां के दरबार मे होंगे जिसमें 7 अक्टूबर को मुकेश शुक्ला जागरण ग्रुप द्वारा जागरण व झांकी का आयोजन किया जाएगा एवं 9 अक्टूबर को विशाल जवाबी कीर्तन शशीराज कमल बनाम राखी आजाद उरई (जालौन )के बीच होगा 11 अक्टूबर को विशाल जवाबी कीर्तन ज्योति कमल बाराबंकी एवं कोमल क्रोधी लखनऊ के बीच होना सुनिश्चित हुआ है। जसवन्ती देवी मंदिर में पिछले 39 वर्षों से लगातार जय मां जसवन्ती देवी दुर्गा पूजा समिति महराजगंज द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं माता रानी की सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई जाती रही है ।और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है।

## खबरें एक नजर में

### राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** राजस्व मामलों के निस्तारण को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। सीमांकन, वरासत, नामांतरण और अकृषिक मामलों का त्वरित निस्तारण अभियान चलाकर किया जाएगा। मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी द्वारा इन मामलों की समीक्षा की जाएगी और शिथिलता बरतने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य राजस्व सचिव द्वारा सीमांकन के लिए तीन माह, वरासत के लिए 45 दिन और अकृषिक भूमि के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। अपर जिलाधिकारी बलरामपुर प्रदीप कुमार ने बताया कि अभियान के तहत राजस्व संहिता अधिनियम की धारा 80 के अंतर्गत वादों का निस्तारण 12 अक्टूबर, धारा 34 (नामांतरण) के लिए 29 अक्टूबर, और धारा 24 (सीमांकन) के लिए 14 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन हो रहा है और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के लिए यह अभियान काफी राहतकारी साबित होगा, क्योंकि इससे वर्षों से लंबित मामलों का समाधान तेजी से किया जा सकेगा।

### केवीआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक को पितृ शोक

**अमावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रबंधक को हुआ पितृ शोक के वी आर पब्लिक स्कूल डेडैंय्या घुराडीह के प्रबंधक राजकुमार सिंह के पिता का निधन हो गया ।निधन की सूचना पाते ही गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी ।राजकुमार सिंह डेडैंय्या घुराडीह मे के वी आर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक है। और इनके पिता उदय पाल सिंह पुत्र राम सागर सिंह निवासीं पुरे निधंऊ सिंह ग्राम सभा घुराडीह अमावां जिला रायबरेली का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। परिवार को ढांढस बंधाने के लिए दिनेश सिंह प्रधान घूराडीह गजेंद्र सिंह फौजी शिवकुमार सिंह शिव दीपू सिंह हरि कुमार सिंह महिपाल सिंह मनोज कुमार सिंह कमलेश पांडे आलोक श्रीवास्तव मनमोहन सिंह सहित अन्य कई लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया और परिवार को ढांढस बंधाया।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, सवार दो महिलाएं घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शिवगढ़ निवासिनी माधुरी व क्रांति दो महिलाएं अपने देवर सुरेश के साथ शुक्रवार दोपहर अपने गांव बदौरा से बछरावां की ओर आ रहे थे। तिलेडा गांव के पास पेट्रोल पंप से अचानक एक कार हाईवे पर आ गई। जिससे आगे चल रही उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक पर बैठी दोनों महिलाएं गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। एम्बुलेंस ने घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद माधुरी की हालत को गंभीर देखते हुए, जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### दामाद ने वृद्ध सास का फोड़ा सिर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार देर शाम एक ऐसी घटना घटी, जिसने सास और दामाद के रिश्ते को पूर्ण रूप से शर्मसार कर दियाा जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बछरावां थाना क्षेत्र के बबुरिया खेड़ा मजरे विशुनपुर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र पंचम का उसकी पत्नी इंदू से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, झगड़ा इस कदर बढ़ा की मारपीट की नौबत आ गई, तो इंदू अपने पति से रुष्ट होकर अपनी मां के घर स्थानीय थाना क्षेत्र के टेरा बरौला गांव चली गई, परंतु चार दिन भी जाने के बाद जब गुरुवार शाम इंदू की मां कृष्णावती पत्नी स्वर्गीय बाबूलाल निवासी टेरा बरौला किसी तरह अपनी बेटी को मना कर दामाद के घर छोड़ने आई तो आक्रोशित दामाद छोटे लाल ने अपनी सास के ऊपर लाठी से हमला कर दिया, जिससे वृद्ध सास की खोपड़ी खुल गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई तथा उक्त व्यक्ति ने अपनी पत्नी को भी मारा, घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। अधिक जानकारी देते हुए इंदू ने बताया कि थाने में उक्त व्यक्ति के खिलाफ प्रार्थना पत्र लेकर न्याय की गुहार लगाई गई है, फिलहाल कृष्णावती की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया की घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिली है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने चौदह जुआड़ियों को भेजा जेल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने जुएं के फड़ पर छापा मार कर पुलिस ने जुआ खेल रहे 14 जुआरियों को धर दबोचा। बाकी जुआरी भागने में सफल रहे। पुलिस ने सभी जुआरियों को जेल भेज दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात एस आई मनोज पांडेय विनेश गौतमए रोहित साहू सहित पुलिस बल के साथ सियारानी सर्विस सेन्टर के अंदर देवेन्द्र के घर में चल रहे जुएं के फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने जुआ खेल रहे बलराम पुत्र विपिन बिहारी निवासी खडाखर थाना मझगवांए मिथुन पुत्र जुझार निवासी गोहाण्ड थाना जरियाए सतीश पुत्र काशीराम निवासी जखेड़ीए संतोष कुमार पुत्र कुवंर बहादुर निवासी बुधौलियानाए प्रिंस कुमार पुत्र मातादीन निवासी बरहरा थाना जलालपुरए दीपक पुत्र रामदेव निवासी गोहानी थाना मझगवांए अमित कुमार पुत्र शिवनारायण निवासी खुशीपुराए निर्दोष कुमार पुत्र शिवरतनए जयकरन पुत्र देवीदीनए मनोज पुत्र दृगपालए उपेन्द्र पुत्र वंशगोपाल निवासीगण गोहाण्ड थाना जरिया अरविन्द पुत्र शिवप्रसाद रामकिशुन पुत्र भगवती प्रसाद निवासीगण फरसौलियाना गिरफ्तार किया है है। पुलिस ने जुए के फड़ से दो लाख 45 हजार रुपए बरामद किए हैं। अभियुक्त बलराम के विरुद्ध मझगवां व राठ कोतवाली में चार मुकदमे दर्ज हैं। जबकि अरविंद का एक जयकरन के दोए उपेन्द्र के दो दीपक के तीन और सतीशए अरविंद का एक.एक मुकदमा दर्ज है। कोतवाल ने बताया कि सभी जुआरियों को जेल भेज दिया गया है।

### शिक्षक व परिवारीजनों से सीओ ने लिये बयान

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में सीओ सदर व कोतवाली पुलिस ने बच्ची के स्कूल में जाकर जांच पड़ताल की और शिक्षक व स्वजनों से बयान दर्ज किए हैं।जरिया थाने के एक गांव निवासी महिला कस्बे के एक मोहल्ले में किराए से रहती है। साथ में उसकी छह वर्षीय मासूम पुत्री भी रहती है। मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे 6 वर्षीय मासूम बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक युवक मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर मोहल्ले के एक स्कूल के पीछे ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। युवक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद मासूम को लहुलुहान हालत में घर छोड़ कर भाग गया था। जब उसकी मां ने उसे लहुलुहान हालत में देखा तो उसके होश उड़ गए और शिकायत करने कोतवाली पहुंच गई थी। पुलिस बुधवार को मासूम बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को सदर सीओए राठ क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश पांडेय सहित पुलिस टीम ने विद्यालय पहुंच जांच पड़ताल कर शिक्षकों से जानकारी ली। इसके बाद महिला सीओ ने मासूम बच्ची के किराए के घर में पहुंच स्वजनों के बयान दर्ज किए हैं।



## ऐसीई ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन महराजगंज रायबरेली रोड पर निकट एसजेएस पब्लिक स्कूल के पास ऐसीई ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ किया गया ट्रैक्टर एजेंसी के शुभारंभ के पश्चात मां भगवती की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ एजेंसी के मालिक सूरजदीन साहू द्वारा की गई इसके बाद लोगों में प्रसाद वितरण का भी कार्य किया गया एजेंसी के मालिक ने बताया कि किसानो की बढ़ती मांग को देखते हुए नजदीक में कही ऐसीई ट्रैक्टर की एजेंसी ना होने के कारण महराजगंज में ऐसीई ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ किया गया अब आसपास के किसान व व्यापारियों को ऐसीई ट्रैक्टर लेने के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कंपनी से महेश मौर्य व संजय चौबे ने ट्रैक्टर की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादा सीसी वह ताकत का ट्रैक्टर ऐसीई ट्रैक्टर ही है यह ट्रैक्टर ईंधन की खपत कम कार्य ज्यादा करता है एवं सुपर सीटर चलाने के लिए चेमक क्पिर गैर 16 प्लस 4 के बारे में बताया इस कार्यक्रम में सुरेंद्र साहू ने तीन ट्रैक्टर की डिलीवरी भी करायी ऐसीई डी आई 350 के दो ट्रैक्टर ऐसीई डी आई 65 चेतन का एक ट्रैक्टर की डिलीवरी शुभारंभ के अवसर पर हुई इस कार्यक्रम में जी0वी0 सिंह, दिनेश मिश्रा, शुभम साहू, संजय चौबे, पीयूष साहू, महेश मौर्या, राहुल साहू, वीरेंद्र, राजू मौर्य, मुकेश, हिमांशु साहू आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राहुल को अग्रहरि समाज के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

> डिवाईन लाईट इग्लिस स्कूल में धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की 5187वीं जयंती

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के डिवाईन लाईट इंग्लिस स्कूल में महाराजा अग्रसेन की 5187वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में वैश्य समाज ईकाई का भी गठन किया गया जिसमें राहुल अग्रहरि को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन व हवन पूजन के साथ हुआ। जिसके बाद विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चो ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अग्रहरि समाज ईकाई के गठन की घोषणा की जिसमें राहुल अग्रहरि को अध्यक्ष,



पीयूष अग्रहरि को महामंत्री, निखिलेश अग्रहरि को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र अग्रहरि को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष अग्रहरि को आडिटर, सर्वेश को सयुक्त मंत्री, गोल्डी को प्रचार मंत्री, विवेक को संगठन मंत्री तथा अनिल गुप्ता, श्रवन कुमार व दीपेंद्र गुप्ता को संरक्षक मनोनीत किया।

वही युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी रामसन अग्रहरि को सौपी गई। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को जिला महामंत्री शिवसागर अग्रहरि ने पद एवं गोपनीयत की शपथ दिलाई। मनोनीत अध्यक्ष राहुल अग्रहरि ने कहा कि वे संगठन के माध्यम से समाज को और आगे बढाने का कार्य करेगें। संगठन के साथ मिलकर जल्द ही समाज के उत्थान के लिये रूपरेखा तैयार की जायेगी।

कार्यक्रम का आयोजन सुरेश कुमार अग्रहरी ने किया ,अध्यक्ष प्रो0 बैजनाथ विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र जिला अध्यक्ष व प्रवक्ता राजकुमार अग्रहरि रहे। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों के प्रति आभार अनिल गुप्ता ने प्रकट किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, प्रमोद मिश्रा, हरीशंकर श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन आठ अक्टूबर को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में 08 अक्टूबर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन पंचशील सम्राट अशोक महाविद्यालय ऊंचाहार, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल, बुसा मैनेजमेंट लिमिटेड, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन, ग्रीन मैक्स सिस्टम्स बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड द्वारा डिप्लोमा, आई0टी0आई0, हाईस्कूल इंटर, स्नातक अभ्यर्थी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिला सेवा योजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0 मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल http://rojgaarsangam. up.gov.in पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 46 दुकानदारों का पंजीकरण, लाइसेंस न होने पर होगी कार्रवाई

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को तहसील परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ठेले, रेहड़ी, फल-सब्जी, मिठाई और किराना दुकानों सहित अन्य खाद्य व्यवसायियों को पंजीकरण और लाइसेंस की अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी गई। शिविर के दौरान 46 दुकानदारों का पंजीकरण किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ल ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए विभाग से पंजीकरण या लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नहीं थम रहा चोरों का आतंक फिर बनाया एक घर को निशाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगातार हो रही चोरियों पर विराम नहीं लग पा रहा है प्रतिदिन किसी न किसी के यहां चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है और किसी भी घटना का खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलन्द है। बीती रात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे रानी मंज़रे ओथी गांव मे आरेन्द्र कुमार के यहां सोने चांदी के समान सहित नगदी दस हजार उठा ले गए आरेंद्र कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा हजारों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची रात्रि में 112 पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई पीड़ित ने सुबह कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए मामले से




अवगत करा दिया गया वहीं पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। पिछले कई दिनों से ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है और किसी भी घटना का खुलासा न होने से चोरों के हौसले और बुलंद है और व लगातार घटनाओं को अंजाम दिए जा रहे हैं कोतवाली पुलिस द्वारा किसी भी मामले में खुलासा न होने की वजह भी चोरी की घटनाओं ने रफ्तार पकड़ रखी है।

# उतरौला में रामलीला का समृद्ध इतिहास व महत्ता

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला का रामलीला मंचन का इतिहास लगभग 1904 से शुरू होता है। यह परंपरा बाबा जयकरन गिरि द्वारा स्थापित की गई थी, जिन्होंने मुगल शासक राजा मुमताज अली से रामलीला स्थल के लिए भूमि दान में प्राप्त की। प्रारंभ में इस कार्यक्रम का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता था, लेकिन 1996 के बाद मण्डलियों का आना शुरू हुआ। अयोध्या से महावीर प्रसाद झा (शिंगारी जी) और चित्रकूट से आदर्श नाट्यकला उत्थान समिति के कलाकार इस परंपरा को आगे बढ़ाते हैं।

हनुमान जी का इतिहास पंडित सुर्जमन पाण्डेय, पंडित महावीर प्रसाद झा और पंडित बृजलाल जी महाराज



से जुड़ा हुआ है। हनुमान जी का मुखौटा काशी में बनाया गया था और लगभग 1962 में यहाँ स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण गोत्र के कलाकार शामिल होते हैं।

रामलीला का आयोजन अश्विन नवरात्रि में 10 दिनों तक होता है, जिसमें पंडित महावीर प्रसाद का अद्भुत अभिनय लोगों के दिलों में बसता है। रामलीला का मंचन भव्यता के साथ होता है, जिसमें आदमकद रावण के पुतले का दहन और स्वर्णमयी लंका का विध्वंस जैसे दृश्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। राम और भरत का मिलाप भी इस आयोजन का एक आकर्षण होता है, जो नगर के बीचों-बीच होता है।

बाला सुंदरी महारानी मंदिर प्रांगण में माता की पूजा विशेष रूप से चैत्र और शारदीय नवरात्रि में की जाती है। इस दौरान भक्तजन माता की प्रसादी लेकर अपने व्रत का पारण करते हैं। इस धार्मिक आयोजन से स्थानीय लोगों में एकता और भक्ति का भाव जगता है, जिससे उतरौला का सांस्कृतिक धरोहर और भी समृद्ध होता है।

इस प्रकार, उतरौला की रामलीला न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है, जो वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती आ रही है।

# डीएम ने नगर पंचायत के निर्माणधीन कार्यालय का किया निरीक्षण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



परखी गुणवत्ता

शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं सरकारी कार्यालयों को मध्यस्थतों से मुक्त कराने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं जनमानस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा विकासपरक निर्माणधीन परियोजनाओं एवं निर्माण कार्य समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो इसके लिए डीएम पवन अग्रवाल का लगातार निरीक्षण जारी है।

इसी क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गैंसडी का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अधिष्ठान कार्य, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न पटलों के कार्यों का जायजा लिया एवं ग्रांट रजिस्टर , शिकायत निस्तारण रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टरो को देखा।

उन्होंने शिकायतकर्ता को फोन मिलाकर शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का फीडबैक लिया । उन्होंने कड़े निर्देश दिए की प्रातः 10 से 12 जनमानस की शिकायतों को सुनते हुए शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने नगर पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों के बनाए जाने की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सभी प्रमाण पत्र समय से जारी किया जाए , इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।

इस उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन में सीलन तथा बीम की ढलाई का कार्य गुणवत्तापूर्ण ना पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की , उन्होंने कड़े निर्देश दिया की पाई गई कमियों को सही कराया जाए तथा कॉन्ट्रेक्टर के पेमेंट में कटौती की जाए।

इसके उपरांत उन्होंने नगर पंचायत द्वारा गैंसड़ी बाजार में कराए जा रहे सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग कार्य की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने खुदाई कराकर मानक के अनुसार सीसी रोड की मोटाई को देखा , उन्होंने इंटरलॉकिंग कार्य के संबध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कड़े निर्देश दिए की सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग का कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गैंसड़ी, नायब तहसीलदार तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नगर क्षेत्र के 25 वार्डों में फैली गंदगी से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर क्षेत्र के 25 वार्डों में जगह-जगह फैली गंदगी और कूड़े के ढेरों ने नगरवासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों के लिए दिन और रात दोनों ही कठिन हो गए हैं। मच्छरों की भरमार से विभिन्न संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा समय पर सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था न होने से समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। मच्छरों का प्रकोप अब केवल रातों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिन के समय भी लोग मच्छरों से परेशान हो रहे हैं। इससे डेंगू, मलेरिया, और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय निवासी रामनाथ ने बताया, ÷हर गली में गंदगी और कूड़ा फैला है। मच्छरों की इतनी तादाद हो गई है कि अब तो दिन में भी चैन नहीं है। अगर नगर पालिका समय रहते कोई कदम नहीं उठाती, तो बीमारियों का गंभीर खतरा हो सकता है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय तत्काल फॉगिंग और कीटनाशकों का छिड़काव जरूरी है, ताकि मच्छरों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके। यदि नगर पालिका परिषद उतरौला जल्द ही 25 वार्डों में सफाई अभियान नहीं चलाती, तो आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। लोगों ने नगर पालिका से फॉगिंग और दवा छिड़काव की मांग की है ताकि नगर क्षेत्र को मच्छरों के प्रकोप से बचाया जा सके और बीमारी फैलने से रोका जा सके।

# सक्षम ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर बढ़ रहे बलरामपुर के कदम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**
महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2024 को जनपद की पांच ग्राम पंचायतों (भिटौड़ी, बनगावा, गायडीह, फरेंदा तथा बलुवाबलुई ) में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 60 वरिष्ठ नागरिकों को विशेष आमंत्रण देकर उनका सम्मान किया गया।
'सक्षम पंचायत, विकसित भारत' की थीम पर केंद्रित इस ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और महिलाओं, पुरषों युवाओं के विचारों को महत्व देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह पहल गांव की हरियाली और समृद्धि को बढ़ावा देने का संदेश देती है। अतिथियों ने इस अवसर पर कहा, ß़जहां हर पंचायत में पेड़ होंगे, वहीं गांव समृद्ध होंगे।ß
ग्राम सभा में पिरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव) की टीम भी शामिल हुई, जो विकासात्मक गतिविधियों के लिए ग्राम प्रधानों के साथ काम कर रही है।
इस दौरान, वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन के अनुभवों और गांव में पिछले कुछ वर्षों में हुए परिवर्तनों पर चर्चा की। 'पंचायत की कहानी, बुजुर्गों की जुबानी' कार्यक्रम के तहत उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ßपहले हमारे गांव में सड़कें नहीं थीं, लेकिन अब हर घर तक पक्की सड़क पहुंच गई है। बिजली कभी एक सपना हुआ करती थी, लेकिन आज हर घर में रोशनी है। यह बदलाव पंचायत की मेहनत का नतीजा है, लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है। युवा पीढ़ी को आगे आकर इस विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहिए।ß
इस कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के अनुभवों से युवा पीढ़ी को प्रेरित करना और ग्राम पंचायत विकास योजना को और सशक्त बनाना था। साथ ही, बुजुर्गों से मिले सुझावों के आधार पर ग्राम पंचायत विकास योजना को और प्रभावी बनाने की बात कही गई।
ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य पंचायत को सक्षम बनाकर गांव के विकास को एक नई दिशा देना था। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों को योगदान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कई बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और ग्राम पंचायत की ओर से सम्मानित किए गए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में उनका गांव और भी विकसित होगा।
कार्यक्रम के अगले चरण में पिरामल फाउंडेशन की टीम ने 5 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह योजना कैसे तैयार होती है और इसके लिए किसका सहयोग लिया जाता है। इसके साथ ही, पंचायत विकास सूचकांक और स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विचार-विमर्श हुआ।
ग्रामवासियों की सहभागिता से चार मुख्य थीम चुनी गईं- बाल हितैषी पंचायत, स्वस्थ पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, तथा जलयुक्त पंचायत। इस अवसर पर सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जिसमें नशा मुक्ति, फिट इंडिया, और स्वच्छ गांव जैसी पहलों पर शपथ ली गई। ग्राम प्रधान ने पंचायत के हित और विकास के लिए संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।
इस आयोजन में विधायक पालतू राम, जिले नामित नोडल अधिकारीगण,श्रेया उपाध्याय जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, विकास खंड अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डीपीएम संदीप, पंचायत सचिव और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी ने उपस्थित होकर समुदाय के लोगों की ज़रूरतों को सुना तथा उन्हें भारत सरकार की योजनाओं से अवगत कराया।

# नाबालिगों के ई-रिक्शा चलाने से बढ़ रहा हादसों का खतरा

**सहदुल्ला नगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

नाबालिग बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन नाबालिग चालकों का सड़क पर नियंत्रण कम होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार ये बच्चे ई-रिक्शा चलाते समय मोबाइल पर बातचीत में मशगूल रहते हैं, जिससे वे सड़कों पर हो रही हलचल और पीछे से आ रहे वाहनों के हॉर्न को सुन नहीं पाते। इसका परिणाम यह होता है कि ओवरटेक करने वाले



वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। मुख्य मार्गों और चौराहों पर ये ई-रिक्शा चालकों की उपस्थिति से यातायात बाधित हो रहा है। गूमा तिराहा, मुबारक मोड़ तिराहा, और थाना के पास टैक्सी स्टैंड पर नाबालिग चालकों की भरमार है, जिससे यात्रियों में डर बना रहता है।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस की इस पर अनदेखी से स्थिति और गंभीर हो गई है। फुटपाथ पर दुकानें लगाने और सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग से यातायात और अधिक अव्यवस्थित हो जाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोग प्रशासन से इस पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं, ताकि इन नाबालिग चालकों पर रोक लगाई जा सके और सड़क पर यातायात सुरक्षित हो सके।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## जेल में जातीय जहर

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था। जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था कि यदि कैदी नाई है तो उसे बाल व दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा, ब्राह्मण कैदी को खाना बनाने का काम मिलेगा और वाल्मीकि कैदी को सफाई का काम दिया जाता था। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इस मामले में दस महीने के भीतर ही सुनवाई पूरी कर ली थी। यहां तक कि दस जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को अदालत में पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की जेल नियमावली को पढ़ते हुए कहा कि ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने भी फरवरी में एक नोटिस जारी करके कहा था कि ये भेदभाव गैरकानूनी है। साथ ही कहा कि जेल मैन्युअल कैदियों को धर्म व जाति के आधार पर बांटते हैं। उसी आधार पर काम बांटते हैं। साथ ही राज्यों व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उनके राज्यों में जेल के नियमों में किसी तरह का भेदभावपूर्ण प्रावधान न हो।

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

हृदयनारायण दीक्षित

माँ प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है।

हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में ÷नियम से भोजन करने को व्रत÷ कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत् प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं। ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं ÷वे अविनाशी-अमर्त्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं।

प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो। (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं÷ विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया है÷ तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6)

ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति



**ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं- मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3) सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं। (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मर्यादा मार्ग से ही चलती है।**

माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं। ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं- मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3)

सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं। (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मर्यादा मार्ग से ही चलती है। (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है, वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करती। (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं। (1.123.2) प्रार्थना है कि हमारे मुख दिव्य स्तुति गान करे। बुद्धि सत्कर्मो को प्रेरित करे। (वही, 6) ऊषा सतत् प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएगी। (वही, 8) भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव। (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः' कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं सजोषा इडा देवे मनुष्ये - इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें।÷ सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है। मन की चंचलता कर्म साधना में बाधक है। मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। ऋषि उनका आवाहन करते हैं प्र शुकैतु देवी मनीषा। (7.34.1) प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः -हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा, हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। श्रद्धा विशेष प्रकार की दिव्य चित्त दशा है और प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए।

## विचार

# देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

राकेश दुबे

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड



**आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।**

से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं। भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं। मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

## हरियाणा चुनाव में जलेबी विवाद

हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा कमजोर नजर आ रही है। अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए अब वो अनावश्यक विवाद खड़े करके जनता का ध्यान भटकाने में लगी है। जलेबी की फैक्ट्री को लेकर राहुल गांधी ने जो बयान दिया, उसका मखौल उड़ाकर राहुल गांधी की छवि को फिर खराब करने की कोशिश में जुट जाना, इसका प्रमाण है।

गौरतलब है कि हरियाणा में चार दिनों की विजय संकल्प यात्रा के दौरान राहुल गांधी सोनीपत के गोहाना पहुंचे और वहां मंच पर ही कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने हाथों से उन्हें मातूराम हलवाई की मशहूर जलेबी चखाई। श्री गांधी ने जनता को बताया कि उन्हें आम तौर पर जलेबी पसंद नहीं है, दूसरी मिठाइयां ज्यादा पसंद हैं, लेकिन मातूराम की जलेबी उन्हें बहुत पसंद आई और उन्होंने अपनी बहन प्रियंका के लिए एक डिब्बा पैक भी करवा लिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये जलेबी हिंदुस्तान समेत पूरी दुनिया में जानी चाहिए। अगर ये जलेबी देश और विदेश में जाएगी तो शायद इनकी दुकान फैक्ट्री में बदल जाए और हजारों लोगों को काम मिल जाए। हालांकि, नरेंद्र मोदी ने छोटे दुकानदारों को चक्रव्यूह में फंसा रखा है, क्योंकि बैंक इन्हें लोन नहीं देगा। हालात ऐसे हैं कि आज हरियाणा में व्यापारियों, कारोबारियों से विदेशों से फोन कर फिरौती मांगी जा रही है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी की बात का दूसरा हिस्सा काफी महत्वपूर्ण और संजीदा था कि छोटे दुकानदारों को बैंकों से कर्ज नहीं मिलता।

भाजपा चाहती तो इस बयान पर राहुल गांधी से बहस करती कि आखिर उन्होंने ये आरोप क्यों लगाया, इसका आधार क्या है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर उद्योग मंत्री, वित्त मंत्री, गृहमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सभी का दावा है कि भाजपा शासन में हर तरह से खुशहाली आई है और उद्योग व्यापार भी फल-फूल रहे हैं। लेकिन इस दावे को सच दिखाने के लिए और श्री गांधी के आरोप को गलत साबित करने के लिए भाजपा को ठोस सबूत भी पेश करने होते। इतनी मशक्कत करने की जगह भाजपा ने फिर से शार्ट कट चुना, जिसमें राहुल गांधी के बयान को संदर्भों से काट कर किसी छोटे हिस्से को विवादित किया जाता है, ताकि उनकी छवि खराब हो। लिहाजा भाजपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने जलेबी की फैक्ट्री पर तंज कसने शुरु कर दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के कार्यक्रम में कहा किझूठ की जलेबी परोसने से पहले पुराना हिसाब तो दे दो, वहीं कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की समझ पर सवाल खड़े किए कि जलेबी फैक्ट्री में नहीं बनती है। हालांकि भाजपा का यह जलेबी विवाद बहुत लंबा नहीं खिंच पाया, क्योंकि फिर कांग्रेस ने भी कई तर्कों के साथ बता दिया कि जब बड़े पैमाने पर मिठाई, नमकीन बनाई जाती है, तो फिर उसके लिए फैक्ट्री ही लगती है। भारत के कई बड़े नमकीन और मिठाई निर्माता अपनी फैक्ट्रियों में बने पकवान ही देश भर में बेचते हैं और इसके साथ-साथ विदेशों में भी बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। भाजपा ने सोशल मीडिया के जरिए जलेबी की फैक्ट्री को वायरल करने की कोशिश की तो जवाब में विदेश में बसे कुछ भारतीयों ने वीडियो बनाकर भेज दिया कि मशहूर कंपनियों की डिब्बाबंद और फ्रोजन जलेबियां, इमरती, पेड़े, लड्डू सब दुकानों में बिकते हैं। चुनाव के बीच मुद्दों को जलेबी की तरह घुमावदार बनाकर जनता को उलझाने का दांव भाजपा पर ही भारी पड़ गया। साथ ही भाजपा नेताओं और उनके अंध समर्थकों के अल्पज्ञान का सच भी जनता के सामने खुल गया, जिन्हें पता ही नहीं है कि दुनिया में कितने तरह से व्यंजनों और पकवानों के कारोबार होते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि राहुल गांधी को विवाद में घसीटने के चक्कर में भाजपा ने खुद अपना अपमान करवा लिया। जब पिछले साल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने असम में स्टोव में कोयला डालने का बयान दिया था, तब भी उनकी समझ का मजाक मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा से लेकर कई भाजपा नेताओं ने उड़ाया था। हालांकि फिर उनके सामने अंग्रेजी शब्दकोष पेश कर दिया गया कि हिंदी में जिसे अंगीठी या सिगड़ी कहते हैं, वो अंग्रेजी में स्टोव कहलाता है। आलू से सोना बनाने का बयान भी आधा-अधूरा था, उसका सच भी सामने आ चुका है।



## राशिफल

**मेषः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**बृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्क :-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# चुनावी बांड की कहानी, निर्मला सीतारमण की परेशानी

राजेन्द्र शर्मा

देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके सह-आरोपी बनाए गए कर्नाटक के भाजपा के नेताओं तथा ईडी अधिकारियों ने बेशक राहत की सांस ली होगी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर, अवैध हफ्ता वसूली के आरोपों की जांच पर अपने अंतरिम आदेश के जरिए फिलहाल रोक लगा दी है। आरोपियों में से एक, भाजपा नेता नलिन कुमार कतील की याचिका पर, अंतरिम आदेश में हाईकोर्ट के एकल पीठ ने उन्हें उक्त राहत दी है। याचिका में उस प्राथमिकी को ही चुनौती दी गयी है, जिसमें कतील व अन्य को नामजद किया गया है। याद रहे कि एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर, एक विशेष अदालत के आदेश पर ही, निर्मला सीतारमण व अन्य के खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों में कर्नाटक में एफआईआर दर्ज की गयी थी।

स्वाभाविक है अगले कदम के रूप में आरोपों के संबंध में जांच शुरू होनी चाहिए थी, जिसे फिलहाल हाई कोर्ट के आदेश ने कम से कम अगली सुनवाई तक के लिए रोक दिया है। बहरहाल, इस तात्कालिक राहत से सुश्री सीतारमण और



उनसे बढ़कर उनकी पार्टी के नेतृत्व के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट आएगी, यह मानना मुश्किल है। इसकी वजहें दो हैं। पहली तो यह कि यह राहत फौरी यानी अस्थायी राहत ही है। अदालत से इस तरह की अस्थायी राहत मिलना तो आसान है, लेकिन एक अदालती आदेश के फलस्वरूप दर्ज की गयी एफआईआर को ही निरस्त करने का अदालती फैसला हासिल करना, लगभग नामुकिन है।

यानी आरोपों पर जांच का वास्तव में आगे बढ़ना नहीं बढ़ना अपनी जगह, लेकिन इतना तय है कि यह प्रसंग आसानी से ठंडा पड़ने वाला नहीं है और यहीं से भाजपा की परेशानी की दूसरी वजह शुरू होती है। इसका संबंध इस तथ्य से है कि इस पूरे प्रसंग ने, सत्ता के बल पर किए गए एक बड़े घोटाले के रूप में, चुनावी बांड के मुद्दे को फिर से नया कर दिया है। कहने की जरूरत नहीं है कि सत्ताधारी भाजपा और उसके संघ परिवार ने कितनी मेहनत कर के और कितने संसाधनों को झोंककर, चुनावी बांड के मुद्दे का धीरे-धीरे सार्वजनिक बहस से गायब ही हो जाना सुनिश्चित किया था।

जाहिर है कि इसमें सत्ताधारी दल की सबसे ज्यादा मदद तो सर्वोच्च अदालत ने ही की थी, जिसने अपने ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बांड की पूरी की पूरी व्यवस्था को असंवैधानिक तथा गैर-कानूनी करार देकर खारिज तो किया था और इसके जरिए क्विड प्रो क्वो यानी चंदा लाओ और लाभ पाओ की व्यवस्था चल रही की संभावना मानी भी थी, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने ही फैसले से उजागर हुई आर्थिक गड़बड़ियों की आगे किसी जांच का रास्ता खोलने से इंकार कर दिया। यह इसके बावजूद था कि स्टेट बैंक के चुनावी बांड के जरिए पैसे की यात्रा की पूरी ट्रेल जाहिर करने में असमर्थता जताने के बावजूद, चुनावी बांडों के सिलसिले में, इन बांडों की खरीद तथा राजनीतिक पार्टियों द्वारा उनके प्राप्त किए जाने की जानकारियों को उनके संदर्भ में रखकर, मीडिया में अनेक जानकार विश्लेषकों ने बड़े विस्तार से, सटीक जानकारियों व साक्ष्यों के साथ, गड़बड़ी के बेशुमार मामले उजागर किए थे।

इसी क्रम में अवैध चंदा वसूली के लिए, जिसे मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने, जानी-पहचानी ¥हफ्ता वसूली का ही एक रूप बताया था, केंद्रीय एजेंसियों जैसे सीबीआइ, ईडी, आयकर आदि के दुरुपयोग के भी कितने ही मामले सामने आए थे। केंद्रीय एजेंसियों की छापों समेत विभिन्न कार्रवाइयों और चुनावी बांड के जरिए चंदे के कई अलग-अलग पैटर्नो की भी पहचान की गयी थी। जहां कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के छापेध् कार्रवाई के फौरन बाद, संबंधित कंपनियों द्वारा सत्ताधारी भाजपा को चंदा दिया जाना शुरू कर दिया गया था, वहीं कुछ और मामलों में पहले से चंदा दे रही कंपनियों ने छापे के बाद, उल्लेखनीय रूप से ज्यादा चंदा देना शुरू कर दिया था। और कुछ और मामलों में बार-बार छापे के जरिए कंपनियों से बार-बार पैसे की वसूली की जा रही थी। बेशक, यह सब उस सामान्य या सद्भावनापूर्ण वातावरण में हो रहे लेन-देन के ऊपर से था, जिसे चंदा दो और धंधा लो कहा जा सकता है। यानी सरकारी ठेके आदि के रूप में सरकार से उपकार लो और बदले में बांड के जरिए चंदा देकर अपना कर्जा उतार दो। इन तमाम असामान्यताओं के बरक्स इस चुनावी बांड भंडाफोड़ में ऐसी कंपनियों के सत्ताधारी पार्टी को बड़े पैमाने पर चंदा देने के मामले भी सामने आए, जिनके चंदे का किसी भी तरह से धंधे के हिस्से के तौर पर कोई तर्क ही नहीं बनता था। मिसाल के तौर पर कई मामलों में कंपनियों ने अपने कुल मुनाफे से कई-कई गुना ज्यादा चंदा चुनावी बांड के जरिए दिया था, तो कुछ मामलों में तो इन कंपनियों की कुल कीमत से भी कई-कई गुना चंदा दिया गया था, जो साफतौर पर इन कंपनियों के खोखा कंपनियों की तरह काम कर रहे होने का यानी मनी लॉन्डरिंग का ही मामला नजर आता था। वास्तव में जब इस चुनावी बांड योजना के सिलसिले में, पहले से चले आते राजनीतिक चंदा कानून के इस प्रावधान को संशोधित किया जा रहा था कि कोई भी कंपनी, अपने पिछले तीन साल के मुनाफे का ज्यादा से ज्यादा 7 फीसद ही राजनीतिक चंदे के तौर पर दे सकती थी, और इस पूरी की पूरी पाबंदी को ही हटाया जा रहा था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887


# चालक की सूझबूझ से पलटने से बची मेमू

## रेलवे ट्रैक पर पड़े लकड़ी के भारी टुकड़े देख चालक ने खड़ी की ट्रेन

**सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भरुआ सुमेरपुर रेलवे की दोहरीकरण लाइन और नये प्लेट फार्म का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था केपीटीएल की लापरवाही के चलते मेमू ट्रेन पलटने से बच गई। रेलवे प्लेटफार्म पर रेलवे ट्रैक पर पड़े लकड़ी के स्लीपरो को देख कर ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को पहले ही रोक दिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्टेशन प्रबंधक ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल सहित उच्चाधिकारियों को दी।

अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करने में जुट गए है। वहीं रेलवे के अवर अभियंता ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज अभियोग पंजीकृत कराने की बात कही है। कानपुर से मानिकपुर जाने वाली मेमू ट्रेन सुबह सुमेरपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंचने वाली थी। दोहरीकरण का कार्य कर रही कंपनी केपीटीएल ने इस प्लेटफार्म में कार्य के लिए पटरियों व प्लेटफार्म की दीवार के बीच लकड़ी की स्लीपर लगा रखे थे ए जब कि कार्य करने के बाद उनको हटाया नहीं गया। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन में ड्यूटी पर रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की भी लापरवाही समाने नजर आ रही है



और ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मियो ने कैसे मेमू ट्रेन को बिना प्लेटफार्म को देखे ट्रैक पर ले लिया गया। ट्रेन के ड्राईवर ने जब पटरियों पर लकड़ी के स्लीपरो को देखाए तो दन्न रह गए और इमरजेंसी ब्रेक लगा कर मेमू ट्रेन को लकड़ी के स्लीपरो से पहले रोक दिया। ट्रेन के ड्राईवर के सुझ बूझ से एक बड़ा हादसा होते टल गया ट्रेन के ड्राईवरो ने वॉकी.टॉकी के माध्यम से स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। और स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मी प्लेटफॉर्म तीन की ओर अनन फनन मे दौड़े और पटरियों में लगाये गए स्लीपरो को आनन फानन मे रेलवे ट्रैक से हटाया गया। मेमो ड्राईवर के सूझबूझ से ट्रैक पर दौड़ रही मेमो ट्रेन को डिरेल होने से बचा लिया और एक बड़ा हादसा टल गया। ये खबर आस पास क्षेत्र मे आग की तरह फैल गयी और जनपद के आला अधिकारियो ने मौके पर जाकर हादसे की जगह का निरक्षण किया।

### कार्यदायी संस्था के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज

स्टेशन प्रबंधक ने इस मामले की सूचना आरपीएफ सहित उच्चाधिकारियों को दी है। आरपीएफ व अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यदायी संस्था के कर्मियों की बड़ी लापरवाही है। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था केपीटीएल के खिलाफ इस लापरवाही का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# वैट का बकाया राशि न जमा न करने पर ढाई सौ व्यापारियों का खाता सीज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** वैट का बकाया राशि न जमा न करने पर जिले के करीब दो सौ पचास व्यापारियों के खाते सीज कर दिये गये है,जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।जब कि व्यापारियों का कहना है कि उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक व्यापारियों से कर वसूलने के लिये शासन ने वर्ष 2008 से लेकर 2017 तक वैट प्रक्रिया लागू की गयी थी इसके बाद शासन ने वैट समाप्त कर जीएसटी लागू कर दिया था। नौ साल के अंतराल में वैट बकाया करीब 1700 व्यापारी बकायेदार की सूची में आ गया था व्यापारियों पर करोड़ो रुपये बकाया हो गया था इसके बाद व्यापारियों ने बकाये पर कोई ध्यान नही दिया और वह ज्यो का त्यो पड़ा रहा,इधर प्रदेश में भारी रकम बकाया होने के कारण आला अफसरों ने जिले के अधिकारियों पर नकेल कर शीघ्र ही वसूली करने के आदेश कर दिये है। जिले में अभी तक करीब 250 व्यापारियों के खाते सीज किये जा चुके है। उधर शासन ने बैंक को एक सूची भेजी है जिन व्यापारियों का वैट बकाया है उनका पैसा निकालने से साफ इंकार कर दिया है। विभाग के उपायुक्त राज्य कर हमीरपुर कृष्ण प्रकाश का कहना है कि इस कार्य में न केवल विभाग के लोग रात दिन लगे है बल्कि राजस्व विभाग के कर्मी भी राजस्व वसूली में रात दिन सहयोग कर रहे है यही नही कितने खाते सीज किये गये कितनी वसूली की गयी है इसकी रोजाना मानीटरिंग शासन स्तर पर होती है यही नही नौ साल पुरानी फाइलों को खोजबीन कर उनसे हर बकायेदार व्यापारी की रिपोर्ट बनायी जा रही है। वही बुंदेलखंड के अधिकारी ग्रेड वन धीरेंद्र प्रताप का कहना है कि बकाया वसूलने में किसी व्यापारी को नोटिस की क्या आवश्यकता है उसको पूरी जानकारी पहले से होती है। जो व्यापारी बकाया नही देगे तो कार्यवाही की जाती है। इधर व्यापारियों का कहना है कि उनको बगैर नोटिस दिये ही खाता सीज कर दिये गये है। जो व्यापारियों के साथ अन्याय है। कई लोगो ने व्यापार बंद कर दिया है इसके बाद भी उनकी वसूली की जा रही है। इसके लिये व्यापारियों ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी है।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने नक्शा पास के लिये पांच लाख, जिलाधिकारी से शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बा कुरारा निवासी ने नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ नव निर्मित मकान का नक्शा पास करने के नाम पर पांच लाख रुपया की धनराशि मांगने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है।तथा इसकी जांच कराकर भवन का नक्शा स्वीकृत कराए जाने की मांग की है।कस्बा कुरारा के वार्ड 8 कलारी मोहल्ला निवासी मुस्तकीम खान पुत्र हुसैन खान ने जिला अधिकारी हमीरपुर को शिकायती पत्र देकर बताया कि मेरी पुस्तेनी जमीन कुरारा बस स्टैंड के समीप हमीरपुर कालपी हाइवे किनारे स्थित है। इस अपनी जमीन पर भवन निर्माण करने के लिए नगर पंचायत में भवन का नक्शा पास कराने के लिए 6 माह पूर्व आवेदन किया था। जिसमे श्रम विभाग से शुल्क जमा कर नगर पंचायत में जमा किया था लेकिन इसमें नगर पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।जब कि उप जिलाधिकारी सदर कानूनगो तथा कस्बा लेखपाल द्वारा नक्शे को।पत्रावली पर आख्या अंकित की गई है। जब नक्शे के स्वीकृत करने के संबंध में जानकारी करने नगर पंचायत गया। तो नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नक्शे के स्वीकृत करने के लिए पांच लाख रुपए की धनराशि की मांग की गई।जब मैने रुपए देने से मना किया तो अध्यक्ष ने कहा कि तुम्हारा नक्शा पास नहीं किया जाएगा। पीड़ित ने बताया कि नक्शा पास न होने के कारण मकान का निर्माण न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर भवन का नक्शा स्वीकृत कराए जाने की मांग की है।

### दाल मिल में पिता के साथ काम करने के दौरान पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शहर कोतवाली इलाके क्षेत्र के रैपुरा गांव के समीप स्थित दाल मिल में पिता के साथ काम करने के दौरान पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई 19 वर्षीय युवक शिवम की मौत से परिजनों में हडकम्प मच गया । फिलहाल मजदूर की मौत को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई है। महोबा शहर के सुभाष नगर लवकुश नगर रोड पर रहने वाले बनवारी लाल का 19 वर्षीय बेटा शिवम रायपुर स्थित दाल मिल में पिता के साथ काम कर रहा था । पिता बनवारी लाल के देखते ही देखते बेटे की मौत हो गई बनवारी लाल ने बताया कि काम करने के बाद मैं शिवम से खाना खाने के लिए कहा था । मगर वह काफी देर तक जब ऊपर खाना खाने नहीं आया तो हम सभी लोग नीचे आए तो उसकी चप्पल मिल के अंदर ड्रम में पड़ी हुई थी और वह उसमें डला हुआ था। शिवम की मौत का हादसा कैसे हुआ यह हम नहीं जानते हैं।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग शिविर आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार दिन को योग वेलनेस सेन्टर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिजहरी के योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता द्वारा प्राथमिक विद्यालय सुभाषनगर सिजहरी में विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया । योगाचार्य सचिन गुप्ता ने कहा कि सभी लोगों को नियमित रूप से योग व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, योग व्यायाम करने से शरीर निरोग रहता है। योगाचार्य द्वारा कई प्रकार के सूक्ष्म अभ्यास, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास भी कराया गया। योगाभ्यास के क्रम में ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, नौका संचालन, चक्कीचालन, गौमुखासन, मंडूकासन, भुजंगासन, बालासन, मकरासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि आसनों के साथ - साथ कपालभाति, अनुलोम - विलोम प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान आदि की क्रियाविधि एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। योग शिविर में प्रधानाध्यापक नीरज सोनी एवं अध्यापिका सुधा देवी राजपूत उपस्थित रहे।

# जूनियर-सीनियर वर्गों में आरबीपीएस के शटलर्स ने जीती चैंपियनशिप

**कुलपहाड़ ( महोबा ), समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र इंटर कॉलेज में खेली जा रही डबल्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में आरबीपीएस के छात्रों का दबदबा रहा। सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों की प्रतियोगिता आरबीपीएस के शटलर ने जीती। बालक वर्ग जूनियर का फाइनल मुकाबला आरबीपीएस की ही दोनों टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शशांक मिश्रा व सिद्धार्थ मिश्रा की टीम ने कैलाश व देव सोनकिया की टीम को कड़े मुकाबले में 21- 18 से पराजित कर चैंपियनशिप जीती। जबकी जूनियर बालिका वर्ग में राजनंदिनी व दिशा द्विवेदी की टीम ने जनतंत्र इंटर कालेज की शिवानी व हिमांशी को 15-5 से हराकर चैंपियनशिप जीती।सीनियर बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला आरबीपीएस के अभिनव मिश्रा व प्रदीप साहू एवं जेआईसी के सौरभ व संदीप के बीच खेला गया, जिसमें आरबीपीएस के अभिनव मिश्रा व प्रदीप साहू ने कड़े



मुकाबले में सौरभ व संदीप को 21-18 से पराजित कर सीनियर बालक वर्ग का खिताबी मुकाबला जीत लिया। सीनियर बालिका वर्ग की चैम्पियनशिप जनतंत्र की छात्राओं ने जीती। विजेता एवं उपविजेताओं को शनिवार को एक भव्य समारोह में ट्रॉफी सर्टिफिकेट और नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रबंधक डा. आत्मप्रकाश एवं प्रधानाचार्य जेपी अनुरागी ने दी।

# युवा नेता फिरोज पठान बने भीम आर्मी के मंडल उपाध्यक्ष

▸ मंडल उपाध्यक्ष बनाए जाने पर फिरोज पठान का नगर में हुआ भव्य स्वागत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी से मंडल उपाध्यक्ष बने युवा नेता फिरोज़ पठान का नगर में फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत हुआ। जिसके बाद फिरोज पठान ने अपने लाव.लश्कर के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला हैदरगंज में भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष संदीप बाल्मीकि की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गईए जिसमें नगर के हैदरगंज निवासी युवा नेता फिरोज पठान ने दर्जनों समर्थको



के साथ भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें भीम आर्मी मंडल अध्यक्ष संदीप बाल्मीकि ने सर्वसम्मति से युवा नेता फिरोज़ पठान को मंडल उपाध्यक्ष ;चित्रकूट मंडलद्ध की जिम्मेदारी के साथ प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनका फूल मालाओं के साथ मुंह मीठा कर जोरदार स्वागत किया। वही पार्टी को जन.जन तक पहुंचाने व गरीब शोषित वंचित एवं अल्पसंख्यकों के हितों की लड़ाई लड़कर उनकी आवाज बुलंद करने का संकल्प दिलाया। जिसपर नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष फिरोज पठान ने कहा की कड़ी मेहनत करते हुए पूरे क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अल्पसंख्यकों को भीम आर्मी से जोड़कर बुंदेलखंड में एक बड़ा संगठन खड़ा करेंगे और पार्टी चीफ एवं सांसद चंद्रशेखर रावण भाई के नेतृत्व में कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत करेंगे। वहीं अंत में फिरोज पठान ने अपने लाव.लश्कर के साथ हैदरगंज स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर अनिकेत सूर्या वंशी रौकी बाल्मीकि नंदिनी साक्षी गौतम सिकंदर पठान अयाज़ दिवानी जी इरफान उमैर माहतौ अजहर मोनूए तौहीद सहित सैकड़ों की संख्या में भीम आर्मी समर्थक एवं मोहल्ला वासी उपस्थित रहे।

# सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं : जिलाधिकारी



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठानें से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए ।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए । जिलाधिकारी नें डीआईओएस को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में यातायात नियमों के बारे में स्लोगन पेंटिंग कराई जाए, जिससे बच्चे यातायात के प्रति जागरूक हो सके।

### ओवरलोड वाहनों की लगातार कराई जाए चेकिंग

जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवरलोड वाहनों की लगातार चेकिंग कराई जाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता एन एच झांसी को निर्देशित किया कि पहरा रोड में जो गड्ढे हो गए हैं उन गड्ढे को जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए तथा बरा नाला के पास स्पीड ब्रेकर साईन बोर्ड, संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए। आरटीओ को निर्देश दिए गए की सभी स्कूलों के पास संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए तथा मुख्य मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दूरभाष हेल्पलाइन नंबर चस्पा किए जाएं और दुर्घटना में सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पास तत्काल घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाई जाए तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भर्ती कराया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा पखवाडा के प्रचार वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारम्भ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन फतेहपुर बजरिया से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे महिलायें अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। मुख्य यजमान श्रीमती सपना पत्नी हितेन्द्र श्रीमद् भागवत पुराण अपने सर पर रख कर चल रहे थे, तो वही डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर भक्तो ने जमकर नृत्य किया। कलश यात्रा फतेहपुर बजरिया से प्रारम्भ हुई, जो कन्या प्राथमिक पाठशाला से होते हुए पंचू की गली से मैन रोड होते हुये पुरवा से वापिस पण्डाल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां पर पंडित मोहित महाराज जी द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजन कराया गया। इसके बाद कथा वाचक पंडित मोहित महाराज जी द्वारा कथा का शुभारम्भ किया गया। जहां कथा व्यास द्वारा गौकरण व धुन्धकारी की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के मध्य मध्य में आयोजित होने वाले भजनों पर भक्तगण स्वयं को नृत्य करने से नही रोक सकी। इस दौरान हरमोनियम पर अभिषेक कुशवाहा, आर्गन पर आशीष कुमार, ढोलक पर जुगल किशोर, तबला दीपक अनुरागी, मंजीरा पर धीरेन्द्र द्विवेदी, रुपेश शुक्ला, हर्षित शुक्ला ने बेहतर संगीत प्रस्तुत किया। कथा के अन्त में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजक ब्रजकिशोर अपनी पत्नी विशन के साथ कमेटी के सदस्य भूपेंद्र, राहुल,भगवान दास, कल्लू मास्टर, पुष्पराज, विष्णु, शिवम, सर्वेश, दीपक सहित सैकडो भक्त मौजूद रहे।


### रजबहा निविदा सूचना

शारदा सहायक खंड 28 उपखंड पंचम हैदरगढ़ के अंतर्गत सुबेहा रजबहा समिति के सिल्ट की नीलामी हेतु दिनांक 9.10.2024 के कार्यालय उपखंड पंचम में निविदा आमंत्रित की जाएगी। निविदा रुपए 100/- नगद प्राप्त कर दिनांक 5.10.2024 से 9.10.2024 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 तक निविदा पेटी में डाली जा सकती है, उसी दिन दोपहर 2:00 बजे निविदा बॉक्स में रेट के अनुसार डाली जाएगी और शाम को 4:00 बजे निविदा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र व निविदादाता के आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। किसी भी निविदा को निरस्त करने अथवा निविदा तिथि घटाने बढ़ाने की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष के आदेश से की जाएगी।

**सूचनार्थ प्रेषितः-**

1. श्रीमान अधिशासी अभियंता, शारदा सहायक खण्ड 28, हैदरगढ़, बाराबंकी।
2. श्रीमान सहायक अभियंता, खण्ड 28 उपखंड पंचम, हैदरगढ़, बाराबंकी।


# ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया । जिलाधिकारी नें सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।उन्होंने कहा कि सभी क्षय रोगियों की नियमित जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत - प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए।

जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाए तथा 0-1 साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100त्न भुगतान कराया जाये। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन को चेक किया जाए।

जिलाधिकारी नें बच्चों के टीकाकरण में खराब स्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण को बढ़ाया जाये तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण किया जाए। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फॉगिंग कराई जाये, जिससे मलेरिया से बचा जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों पर पानी की समस्या थी पानी की समस्या का निस्तारण करा दिया गया है। बैठक में एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसिफ सरफराज खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रिय बाल संरक्षण आयोग ने बाजार में संचालित होटलों व दुकानों की करी चेकिंग



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा बाल और किशोर श्रम मुक्त अभियान और मानव तस्करी और तस्करी प्रवासी इकाइयों के तहत वैश्विक ऑपरेशन के संबंध में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में श्रम विभाग और थाना टीम द्वारा कबरई के अंतर्गत बाजार में संचालित दुकानों, होटलों, दुकानों की चेकिंग की गई अभियान के दौरान धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व चाइल्ड लाइन द्वारा बाल श्रम रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे मे दुकानदारों को अवगत कराया एवं हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना काराये यदि बाल श्रम कराते पकड़े जाते हैं तो थाना ए0एच0टी0यू0 प्रभारी के द्वारा विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए ,इसी क्रम में अभियान के दौरान महिला एवं बच्चों को जागरूक किया गया और महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में अवगत कराया गया, अभियान के दौरान थाना ए0एच0टी0 यु0 से उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ,जिला बाल संरक्षण अधिकारी सु संगीता राजपूत, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार व अन्य

# न्याय की आस में दर-दर भटक रही दुष्कर्म पीड़िता

▸ थाना, सीओ, एसपी के बाद डीआईजी से लगाई निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की गुहार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के अजनर थाना व कस्बा क्षेत्र निवासी पीड़ित दम्पत्ति ने शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल बांदा को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पड़ोसी दबंग द्वारा उसका अश्लील वीडियो बनाने एवं वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोप लगाया कि विरोध करने पर दबंग द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई और पति सहित परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई डरी सहमी पीड़ित विवाहिता ने पति को सारी बात बताई जिसके बाद पति के साथ थाना अजनर में पहुंचकर पीड़िता ने शिकायती पत्र दिया आरोप है कि शिकायती पत्र देने के बाद थानाध्यक्ष द्वारा मामले में कोई कार्रवाई न कर उल्टा पीड़ित परिवार को न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी गई। थाना में न्याय न मिलने से आहत पीड़ित दम्पत्ति ने क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ एवं पुलिस अधीक्षक महोबा के बाद शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल बांदा को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है । पीड़ित दंपति ने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष द्वारा आरोपी को खुलेआम संरक्षण दिया जा रहा है और थाने में बुलाकर उसकी आवभगत की जा रही है,जिसके चलते दबंग के हौसले बुलंद हैं पीड़ित दंपति ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कई कार्रवाई की मांग उठाई है।

### रंगदारी न देने पर पुत्र के अपहरण की दी धमकी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी कस्बे सहित क्षेत्र में रंगदारी मांगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं इस बार तो रंगदारी नहीं देने पर पुत्र के अपहरण की धमकी भी दबंगों ने दी है। जिसपर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस के बाद क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के बड़ा चौरहा कम्हरिया रोड निवासी शहनाज बानो पत्नी फैय्याज उददीन ने पुलिस को बताया कि बीते तीस सितंबर को कम्हरिया निवासी वली मोहम्मद उर्फ वलिया उसकी दूकान पर आया और रंगदारी के रूप में दस हजार रुपये मांगने लगा पीड़िता ने बताया कि जब उसने रुपये देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए पीड़िता के पुत्र का अपहरण करने की धमकी देकर चला गया।पीड़िता ने बताया कि आरोपी पेशेवर अपराधी है और उसका लम्बा आपराधिक इतिहास है जिसके चलते उसे और उसके पुत्र को जान का खतरा है पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई है।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1221/ई.ई.-3/एलजेएस/2024-25 दिनांक- 04.10.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.10.2024 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 04:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत त्रिवेणीनगर एवं फैजुल्लागंज के 08 नलकूपों पर पी.ग्रेवल की आपूर्ति का कार्य। | 250.00 | 5000.00 |

निविदा एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

# छात्र-छात्राएं देश का भविष्य: क्षेत्रीय विधायक

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरौली के प्रांगण में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता राम देव सिंह ने भी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहां कि आज का छात्र कल देश का भविष्य है इसलिए भाजपा सरकार विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई है जिसमें एक भी लड़का व लड़की गांवों या सुदूरवर्ती गांवों में भी शिक्षा से छूटने न पाए।

खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ,पूर्व ब्लाक प्रमुख राज नारायण तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा क्षेत्र में हुए भूतपूर्व परिवर्तन का जिक्र किया।



ब्लॉक स्तरीय इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में 25 बच्चों प्रथम स्थान आयुष प्रताप सिंह द्वितीय दिवाकर तृतीय व चतुर्थ क्रमशः प्रज्ञा व अंशिका पांचवा स्थान चांदनी मौर्य ने प्राप्त किया। 68वीं माध्यमिक प्रादेशिक हैंडबॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पानी वाली देवपुरा की टीम के सदस्यों में अनुराधा आयुषी मिश्रा नंदिनी सलोनी कोच प्रेमराज व्यायाम शिक्षक राजेंद्र किशोर पांडे शिक्षक भावना मिश्रा सहित मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया।

इसके साथ ही 68 वीं माध्यमिक प्रादेशिक हैंडबाल प्रतियोगिता जो झाँसी के ध्यानचंद्र स्टेडियम में आयोजित हुई थी इसमें बालिका वर्ग में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवपुरा की टीम के सदस्यों में अनुराधा, आयुषी मिश्रा,नंदनी,सलोनी, कोच प्रेमराज, भावना मिश्रा सहित क्विज प्रतियोगिता के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को विधायक दिनेश रावत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षाअधिकारी सुनील कुमार आए हुए सभीअतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप मिश्रा सत्यदेव सिंह धर्मेंद्र मिश्रा बृजेंद्र प्रताप सिंह वेद बाजपेई आरती सिंह अंजनी मिश्रा विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इस्माइल आज बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# अवैध आतिशबाजी पटाखा बनाने वालों के यहां एसडीएम ने किया निरीक्षण

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अवैध तरीके से आतिशबाजी बनाने की सूचना पर उपजिलाधिकारी सीओ सदर सहित जैदपुर थाने की टीम द्वारा पटाखा बनाने वालों के गोदाम व दुकान घर को निरीक्षण किया गया।

बताते चले कि अपनी कारीगरी में दूर दूर तक प्रसिद्ध जैदपुर के पटाखा कारीगरों द्वारा दीपावली नजदीक आते ही पटाखा बनाने का कार्य जोरों पर किया जाता है।

जिसे लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रल्ला पल्ली जगत साई और क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान ने थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के साथ पुलिस टीम द्वारा नाजिम आतिशबाज सहित आठ पटाखा दुकानदारों की जांच की गयी। तथा उक्त स्थल के सघन तलाशी ली गई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि निरिक्षण किया गया जिसमें ऐसा कुछ नहीं पाया गया है। नियमों का पालन व मानकों के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये।



## दीदियों को अपने उत्पादों की बिक्री करना हुआ आसान

**बाराबंकी।** स्वैच्छिक संस्था महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की नाबार्ड की एलईडीपी के अंतर्गत वस्त्र परिधान पर टाई डाई और स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया, एमई डीपी के अंतर्गत वाशिंग पाउडर, रेडीमेड गारमेंट्स, और अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था अब ये अपना अपना उत्पाद आसानी से बेच सकें, इस उद्देश्य से संस्था महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान द्वारा आवास विकास कालोनी, बड़ा पार्क,संतोष गुप्ता मार्केट में एक एमकेजी महिला रूरल मार्ट के नाम से दुकान खोली गई है। अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद की बिक्री के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ेगा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह अनोखी पहल नाबार्ड और महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान संयुक्त रूप से कर रहा है।

## बोले लखन सुनव मुनि ज्ञानी संत नहीं होते अभिमानी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर में चल रही रामलीला मे आज धनुष यज्ञ परशुरामजी संवाद की लीला दिखाई गयी राजा जनक ने अपनी पुत्री के विवाह हेतु प्रण किया की जो इस शिव धनुष को तोड़ेगा उसी राजकुमार से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेगे।राजा जनक ने स्वयंवर रचा जिसमे देश देशांतर के राजाओं को आमंत्रित किया स्वयंबर मे सभी राजाओं ने अपना बल प्रयोग किया लेकिन किसी राजा से शिव धनुष को हिला तक नही पाये ।यह देख कर जनक जी विचलित हो गये और बोले क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है तभी वहां मौजूद श्री राम जी के छोटे अनुज लखन लाल क्रोधित हो कर कहते है की हमारे भाई श्री राम के होते हुये ये अनुचित वचन आपने यह कहने से पहले आपने विचार क्यों नहीं किया।

# नवनियुक्त पंचायत सहायकों को दायित्वों के लिए किया प्रशिक्षित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**
नवनियुक्त पंचायत सहायकों को खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने उनके दायित्वों व कार्यों के बारे में बताया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने सिरौलीगौसपुर विकासखंड के 18 नए पंचायत सहायकों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि आप लोगों को पंचायत भवन में प्रतिदिन उपस्थित रहना है। पंचायत के ऑनलाइन कार्य आपको करना है।

पेमेंट के समय प्रधान व सचिव के डिजिटल सिग्नेचर लगाने के बाद उन्हें वापस भी करना है। किसी भी पंचायत सहायक को डिजिटल सिग्नेचर अपने पास नहीं रखना है। इस समय सभी गांव में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। आप लोग अपने पंचायत भवन पर बैठकर जो ब्लॉक से सूची मिली है उसको पढ़कर जिनके अभी तक आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा बहू कोटेदार आदि का सहयोग लेकर उनके आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाएं। किसी प्रकार की समस्या आने पर अपने पंचायत सचिव य मुझे अथवा खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर उस समस्या का समाधान करवाये।

खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने सभी पंचायत सहायकों से कहा कि आप लोगों को जो जिम्मेदारी दी जाए उसे अच्छे से निर्वहन करें।

बैठक में पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव मनीष शुक्ला सतीश वर्मा कुलदीप वर्मा धर्मेंद्र वर्मा सुरेश यादव सहित अन्य पंचायत सचिव व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# आईसीडीएस कर्मियों ने बच्चे को एनआरसी में कराया भर्ती

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर क्षेत्र से एक सैम बच्चे को एनआरसी में भर्ती करवाया गया है। बच्चे को पहले सीएचसी ले जाया गया यहां पर सीएचसी अधीक्षक सन्तोष सिंह ने बच्चे को देख कर एम्बुलेंस से जिले पर बने एनआरसी भेज कर भर्ती करवाया।

प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्रों के द्वारा बच्चों की उम्र के मुताबिक उनकी ऊंचाई एवं वजन की माप की जाती है। यदि किसी बच्चे का वजन उसकी आयु के मानक से कम होता है तो उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर अतिकुपोषित बच्चों को जिला मुख्यालय पर बने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाता है। जहां चिकित्सक एवं डायटिशियन की देखरेख में बच्चों के पोषाहार के साथ ही तीमारदार की भोजन की व्यवस्था होती है और तीमारदार को पोषण युक्त आहार तैयार करने लिए प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जब चौदह दिन का समय पूरा हो जाता है तो तीमारदार को भत्ता के रूप में प्रतिदिन 50 रुपये की व्यवस्था होती है। बच्चे को स्वथ्य हो जाने पर चौदह दिन के बाद बच्चे सहित उसके तीमारदार को घर भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के द्वारा कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाता है।

जिसमें कुपोषित बच्चो के तीमारदार को पुष्टाहार एवं सलाह देकर छोड़ दिया जाता है। बताया कि शुक्रवार को की सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बदोसराय निवासी आदित्य पुत्र लक्ष्मी शंकर अति कुपोषित को जिला मुख्यालय के एनआरसी में भर्ती करवाया गया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक ने मारी साइकिल सवार को टक्कर, ट्रामा रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार बाइक एवं साइकिल के बीच टक्कर हो जाने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस के सहारे सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाये गये युवक को हेड इंजरी के कारण ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के भटगंवा गांव निवासी संदीप पुत्र पूर्वी दीन 18 वर्ष अपनी चाची जन्त्री देवी पत्नी पप्पू को उनके मायके चौकी मजरे इस्लामपुर में छोड़ने के लिए मोटरसाइकल से जा रहा था कि तभी श्री चंद्र चूड़ इंटर कालेज के पहले विशंभर मोड़ के पास पहुचते ही विशंभर पुरवा निवासी छोटेलाल पुत्र रामबरन द्वारा गाँव की ओर से आकर अचानक साइकिल को सुबेहा की तरफ मोड़ देने से युवक के कुछ समझ पाने के पहले भिड़ंत हो गई। जिससे मोटरसाइकल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में साइकिल सवार विशंभर पुरवा निवासी छोटेलाल को मामूली चोटे आई है।

### मिस यूनिवर्स रिया सिंघा निभाएंगी मां सीता की भूमिका



**अयोध्या।** शुक्रवार को अयोध्या के रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष (सुभाष मालिक) और महासचिव (शुभम मलिक) ने बताया कि इस वर्ष अयोध्या की रामलीला प्रभु श्री राम की रामलीला में मिस यूनिवर्स रिया सिंघा माता सीता की भूमिका निभाएंगी मिस यूनिवर्स रिया सिंघा भगवान श्री राम और सिद्ध पीठ हनुमानगढी का आशीर्वाद लेने के लिए पांच अक्टूबर को अयोध्या पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि मुझे बड़ी खुशी है कि मुझे प्रभु श्री राम और माता सीता के आशीर्वाद से रामायण का हिस्सा बनने का मौका मिला है। पिछले वर्ष 36 करोड लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बन चुके हैं और इस वर्ष प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 करोड़ से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे ।इस अनुतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अध्यक्ष (बॉबी मलिक) व महासचिव (शुभम मलिक) का आभार प्रकट करती हूं।

### नगर पंचायत जैदपुर के कई वार्डो में पेयजल का संकट

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के कई वार्डो में पेयजल का संकट बना हुआ है। कन्या पाठशाला स्कूल, संगत मंदिर व कटारी टोला मे लगभग एक माह से पानी का संकट बना हुआ है,वार्ड मुख्खिन व रईस कटरा सहित विभिन्न मे मोहल्लो में पेयजल संकट गहराया हुआ है। जिसकी शिकायत सभासद ताहिर अंसारी ने अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा की है ।वही पेयजल के साइड इंजिनियर सौरब कुमार से भी की लेकिन कोई उचित जवाब नहीं दिया गया ।नवरात्र त्योहार चल रहा है और वार्डो में पानी का संकट बना हुआ है ।नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड छोटी बाजार,रईस कटरा व मुख्खिन के बाशिदे बीते एक महीने से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। अधिक गर्मी होने के कारण वार्डो मे पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। वार्डवासी पानी की समस्या को लेकर निंतर सभासदो से मिल रहे है लेकिन सभासदों की इंजिनियर साहब कोई सुनवाई नही कर रहे है इंजिनियर साहब अपनी मनमानी कर रहे है। मोहल्ला कटारी टोला, ब्रह्मनान,पुरानी पुलिस चौकी व दर्जी मोहल्ला के लोगो को पानी नही मिलने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोग एक एक बूंद पानी को तरस रहे है। जबकी मोहल्ला कटारी टोला,छोटी बाजार,रईस कटरा के कुछ हिस्सों में पानी की समस्या बनी हुई है। बाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार नगर पंचायत जैदपुर को न्यू पाईप लाइन डालने के लिए जल निगम को टेंडर भी कर दिया है। लेकिन लाइन इंजिनियर की धीमी गति के कारण जैदपुर की जनता परेशान हैं।

# पैसा दोगुना करने का लालच देकर की दो लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बीस सप्ताह में रूपया डबल करने की बात बताकर एक व्यक्ति से जालसाजी की गयी।जिसकी शिकायत पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस अधीक्षक से की गयी थी। आदेश पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर,तेजवापुर के गुरु प्रसाद पुत्र सजीवन का है।जिन्होने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बिहारी लाल पुत्र रामलाल निवासी जुड़ावनपुर थाना रामस्नेहीघाट से जान पहचान थी।वह आकर बोला कि ओपीसी प्राईवेट कम्पनी लिमिटेड मे 20 सप्ताह मे पैसा दो दोगना करवा दूंगा।एक लाख अस्सी हज़ार व बीस हजार रूपये अपने खाते मे डलवाया। 20 सप्ताह पूरा होने के बाद जब प्रार्थी ने अपना पैसा मांगा तो आनाकानी करते हुए कई महीनो तक आश्वासन देता रहा।साथ ही मैनेजर मंसूर अंसारी के बीमार होने की बात बतायी। पीड़ित इनके कार्यालय गया जहां ताला लगा हुआ पाया।

अब जब प्रार्थी अपने पैसे चार लाख की मांग की तो गंदी गंदी गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा।उक्त मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# नवरात्र पर पंडालों में आदिशक्ति की प्रतिमाएं स्थापित

## थाना क्षेत्र में कुल छब्बीस स्थानों पर सजाए जाते हैं देवी प्रतिमाओं के पंडाल

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में स्थापित पंडालों में जगत जननी मां दुर्गा के पूजन स्तवन से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा है।

विदित हो लोनीकटरा थाना क्षेत्र में कुल छब्बीस स्थानों पर देवी प्रतिमाओं के पंडाल सजाए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस वर्ष ककरी सहित दो स्थानों पर विभिन्न कारणों से प्रतिमा स्थापित नहीं हो रही हैं। तिलोकपुर में नव दुर्गा पूजा युवा समिति द्वारा बड़ी मातन मंदिर स्थल पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पंडाल सजाया गया।

समिति अध्यक्ष सुनील वाजपेयी शिवम् ने बताया कि इस बार पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने मां दुर्गा



सहित गणेश जी व माता लक्ष्मी की स्थापित प्रतिमाओं की नेत्र पट्टिका पूजन अर्चन कर अनावरित की। इस मौके पर आचार्य कमलेश शुक्ला, श्यामू बाजपेयी,चमन बाजपेयी, राजन शुक्ला,बब्बू सैनी, अरविन्द सैनी, रामसजीवन साहू, रामकेवल, शिवराम कश्यप, निखिल,योगेश त्रिवेदी, नरोत्तम बाजपेयी,श्यामेन्द्र मिश्र सहित समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय श्रद्धालु आरती में सम्मिलित हुए। इसी तरह पखरपुर में आदित्य नारायण शुक्ला, त्रिवेदीगंज में अतुल रावत गौरी में पूर्व प्रधान नीरज सिंह व अलमापुर में फूलचंद्र मौर्य की देखरेख में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

## एसडीएम, सीओ ने देवी विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**कोंच, जालौन, समृद्धि न्यूज़।** कोंच के दो प्रमुख त्योहारों दशहरा और देवी विसर्जन को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के अलावा सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अधिकारियों ने गुरुवार को मेला ग्राउंड और विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। आगामी 12 अक्टूबर को होने वाले दशहरा मेला और अगले दिन 13 अक्टूबर को देवी प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसडीएम ज्योति सिंह ने तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के साथ दशहरा मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-दो दिन में भरा पानी सूख जाने के पश्चात् मैदान की साफसफाई कराकर गड्ढों को भरकर जमीन समतल किए जाने के लिए नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए। रावण मेघनाद के बड़े बड़े डीलों (पुतलों) के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर पुलिस कर्मियों की तैनाती किए जाने और मैदान के आसपास बिजली केबल पूरी तरह से दुरुस्त किए जाने के लिए एसडीएम ने कोतवाली पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों को ताकीद की।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2020 का अनुक्रमांक 1321408 है, जिसकी मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। जिस किसी को यह दस्तावेज मिले तो इस नम्बर 9569281966 पर सूचना दें।
**शिवांगी पुत्री गिरीश चन्द्र निवासी वार्ड-2 टिकुरियन शमशाबाद, बाजिदपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

# अपना स्कूल के बच्चों की मदद को बढ़ा एक और हाथ

**यातायात उपनिरीक्षक ने बच्चों को वितरित किया स्कूल बैग, कॉपी, पेन, ड्राइंग बॉक्स व बिस्किट**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के जयसिंहपुर वार्ड की मलिन बस्ती में उप निरीक्षक रणजीत यादव जिन्हें लोग खाकी वाले गुरु जी के नाम से जानते हैं,के द्वारा संचालित वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क अपना स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की मदद के लिए जिले के एक और चर्चित उप निरीक्षक ने हांथ बढ़ाया है।ये चर्चित उपनिरीक्षक रूद्र प्रताप मल्ल हैं जिले में जिनकी पहचान हेलमेट बांटने वाले दरोगा जी के नाम से बन गई है। शुक्रवार को इनके द्वारा स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें शिक्षा,सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात के प्रति जागरूक करने के साथ ही पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया।

मालूम हो कि उपनिरीक्षक श्री मल्ल शहर में बगैर हेलमेट के दिखने वाले लोगों को रोककर उन्हें मुफ्त में हेलमेट बांटने और सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं।रविवार को इस आयोजन के बारे में खाकी वाले गुरु जी के नाम से चर्चित उपनिरीक्षक यादव ने बताया कि विद्यालय में इन सामग्रियों के वितरण के दौरान करीब 80 बच्चे मौजूद थे जिन्हें स्कूल बैग, कॉपी, पेन,ड्राइंग बॉक्स व बिस्कुट आदि वितरित किया गया।इस अवसर पर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के समाजसेवी लोको पायलट राजन यादव और कृषि विभाग में नियुक्त विनय सिंह कुशवाहा भी मौजूद रहे।

## नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों व दुर्गा पंडालों में उमड़ी भीड़

**कोंच (जालौन)।** शक्ति उपासना और भक्ति साधना का प्रमुख पर्व शारदीय नवरात्र गुरुवार को सनातनी घरों में घट स्थापन के साथ ही प्रारंभ हो गए हैं। बड़े भोर से ही मैया के जलाभिषेक के लिए विभिन्न देवी मंदिरों में महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। नगर में दर्जनों स्थानों पर जागरण मंचों के कार्यकर्ताओं ने दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिष्ठापना पूरे भक्तिभाव से कराई है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे देवी गीतों और मैया की भेंटों से वातावरण देवीमय हो उठा है। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार से शारदीय नवरात्र का प्रारंभ हो गया है। वही दूसरे दिन देवी पंडालों में भक्तों की उमड़ रही है इसी के साथ देवी मंदिरों में जलाभिषेक का सिलसिला भी तेज हो गया है जो भोर में मुंह अंधेरे से शुरू होकर काफी दिन चढ़े तक जारी है। सनातन धर्मावलंबियों के घरों में विधि विधान से घट स्थापन किए गए।

# विद्यालय के कमरे में फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम करतलापुर के सुभाष चंद्र जूनियर हाई स्कूल के कमरे में एक नवयुवक का शव रहस्यमय तरीके से फांसी के फंदे पर झूलता मिलने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम करतलापुर निवासी शैलू अग्निहोत्री पुत्र शेषनारायण अग्निहोत्री उम्र लगभग 21 वर्ष गांव में बने देवी पंडाल में देखा गया था लेकिन समय करीब 3रू बजे दिन में ग्रामीणों द्वारा शैलू को देखा गया स्कूल के कमरे में कपड़ों को टांगने वाली कील से पतली रस्सी पर घुटनों के बल बैठा मिला फांसी पर लटका देख घटना की सूचना शैलू के घर वालों को दी गई। घर में कोहराम मच गया घर वालों द्वारा घटना की सूचना कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज को दी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज ने तत्काल घटना की सूचना फॉरेंस्टिक टीम को दी हदरुख चौकी इंचार्ज शिवनारायण वर्मा के साथ स्वयं घटनास्थल पर पहुंच गए फॉरेंसिक टीम भी आ चुकी थी टीम के द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णपाल सरोज के समक्ष शव की जांच पड़ताल की ग्रामीण एवं घर वालों के समक्ष पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक दो भाई थे शैलू छोटा था तथा उसके एक बहिन है घटना की सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं फॉरेंसिक टीम के द्वारा जांच आने के बाद अगर इसमें कोई दोषी है।

## करंट लगने से बुजुर्ग की मौत, हड़कंप

**कोंच (जालौन)।** करंट लगने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हुई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा में पंखा सही कर रहा 60 वर्ष की बुजुर्ग को पंखा सही करते समय अचानक करंट लगने से जमीन पर गिर गया साथ ही उसे उपचार के लिए कोंच सीएससी लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आपको बता दें कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी कैलाश वर्मा पुत्र हरचरण अपने घर पर पंखा सुधारने का कार्य करता था जहां पर कार्य करते समय अचानक करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिले ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एसडीएम पहुंचे परिषदीय विद्यालय बच्चों से शिक्षा की गुणवत्ता जांची

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

**गौशाला में मिला अव्यवस्थाओं का पिटारा लगायी फटकार**

शुक्रवार को उप जिलाधिकारी ने कदौरा ब्लाक क्षेत्र में गौशाला के साथ परिषदीय शिक्षा की भी हकीकत देखी। इस दौरान उन्होंने कमियां पाए जाने पर जिम्मेदारों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने देने के निर्देश दिए। वहीं बरदौली गांव में बनी गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम की नजर गौशाला में बनी चरही पर पड़ी तो वह मौके पर पहुंचे जहां चरही में गंदा पानी भरा मिला जिस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को फटकार लगाते हुये प्रतिदिन चरही की साफसफाई करने व गौवंशों की अच्छी तरह से देखभाल करने के निर्देश दिए। शासन गौवंशों की व्यवस्था के प्रति बेहद गंभीर है जिसके चलते प्रशासनिक जिम्मेदारों को प्रतिदिन उनकी व्यवस्थाए परखने के निर्देश दिए हैं तो शासन परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को भी पटरी पर लाने की कवायद में लगा है इसके लिए सरकारी विद्यालयों में कई स्तर की निगरानी की जा रही है। इसी के चलते शुक्रवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने कदौरा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बरदौली स्थित अस्थाई गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया।

## ग्रामीणों की मांग निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का बदला जाये स्थान

**कालपी,जालौन।** ग्रामीणों ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने एसडीएम को पत्र भी सौंपा है। महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर के मजरा धरमपुर निवासी ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन देकर कहा है कि आंगनबाड़ी भवन का निर्माण प्राइमरी स्कूल के पास की खाली भूमि पर किया जाए, जहां पर्याप्त जगह भी उपलब्ध है। इससे न केवल भवन का निर्माण सुचारु रूप से हो सकेगा, बल्कि बच्चों के खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए स्थान भी संरक्षित रहेगा। ग्रामीणों ने जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इससे बच्चों के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 04/10/2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तवीर मोहम्मद खां, सवीना खां पुत्र/पुत्री तनवीर मोहम्मद खां निवासी मोहल्ला पितौरा ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 183 मोहल्ला नई बस्ती कायमगंज पर श्री तनवीर के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 04/10/2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इमरान खां पुत्र रियाज खां निवासी अताईपुर जदीद ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 34,N मोहल्ला नई बस्ती कायमगंज पर श्रीमती मधु पत्नी महेश चन्द्र के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 04/10/2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित भारद्वाज, सुमित कुमार भारद्वाज पुत्र प्रदीप भारद्वाज निवासी मोहल्ला लोहाई ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 256, 126 मोहल्ला लोहाई कायमगंज पर श्री प्रदीप कुमार पुत्र रोशन लाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
पत्रांकः-मीमो/ न0पा0 परि0का0/2024-25 दिनांक 04/10/2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजीत राजपूत पुत्र श्रीराम निवासी मोहल्ला पट्टी मजरा लालपुर ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 56 मोहल्ला पटवन गली कायमगंज पर श्रीमती नंदरानी पत्नी श्रीराम के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

# उखरा के बाद प्रशासन ने उजाड़ी दलितों की बस्ती

- सपा के प्रतिनिधि मंडल ने पहुंचकर लगाया मरहम
- अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी जायेगी: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव
- सोमवार को प्रतिनिधि मंडल डीएम से करेगा भेंट
- हर सम्भव मदद करने का पीड़ितों को दिया भरोसा



प्रशासन द्वारा ध्वस्त किये गये मकान



पीड़ितों से मिलता सपा का प्रतिनिधि मंडल

**कमालगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उखरा के बाद प्रशासन की बर्बरतापूर्ण कार्यवाही भोजपुर विधान सभा के ग्राम फतेहउल्लापुर में देखने को मिली। जिस पर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हर सम्भव मदद मुहैया कराने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार बीते दिन प्रशासन द्वारा उखरा में की गयी कार्यवाही को लोग भूल भी नहीं पाते थे, कि एकाएक भोजपुर विधान सभा के ग्राम फतेहउल्लापुर में दलितों के आठ मकानों पर बुलडोजर चल गया। जिस पर शुक्रवार को सपा प्रतिनिधि मंडल मौके पर पहुंचा। पीड़ितों ने आपबीती बताते हुए कहा कि प्रशासन ने बगैर किसी सूचना या नोटिस के 8 मकानों को ध्वस्त कर दिये। कुछ लोग को मकान के अंदर खाना बना रहे थे। जबकि पीड़ितों का कहना है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा यह असंवैधानिक कार्यवाही सिर्फ पीडीए के लोगों को प्रताड़ित किए जाने के लिए की जा रही है। भाजपा कोर्ट का आदेश भी नहीं मानती। जहां यह साफ कहा गया कि बुलडोजर नीति असंवैधानिक है। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने पीड़ितों को शासन से मदद करवाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने पीड़ितों को हर संभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ हर लड़ाई लड़ी जायेगी। सपा पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पीड़ितों को जब भी उनकी आवश्यकता महसूस हो, वह उनके लिए आधी रात में खड़े हैं। पूर्व मंत्री एवं प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि आज दलित समाज भाजपा शासन में बुरी तरह प्रताड़ित है। आज हमारा समाज सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बहुत बड़ी उम्मीद की नजर से देख रहा है, क्योंकि अन्य कोई भी पार्टी उसके हितों का ख्याल नहीं रख रही है। प्रतिनिधिमंडल अगले सोमवार को सुबह 10 बजे जिलाधिकारी से मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, अरशद जमाल सिद्दीकी, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विधान सभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, विधान सभा अध्यक्ष अमृतपुर भोला यादव, रामपाल यादव, अखिल कठेरिया, अनुराग यादव जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी है।

## सपा अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष जेल में उखरा पीड़ितों से की मुलाकात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव आदि

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव एडवोकेट ने अपने साथियों सहित उखरा काण्ड में पुलिस द्वारा जेल भेजे गये उखरा पीड़ितों से जिला कारागार पहुंचकर मुलाकात की और पूरी घटना के बारे में जानकारी कर अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने सभी को भरोसा दिलाया कि पूरी तरह से समाजवादी पार्टी आप सबके साथ है और जल्द ही आप सभी को जमानत कराकर बाहर लायेगें। उन्होंने कहा कि विधिक से संबंधित पूरी मदद निःशुल्क की जायेगी और आप सभी को न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व वरिष्ठ नेता डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने उखरा पीड़ितों की आर्थिक मदद से लेकर मेडिकल सहायता व भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करा रहे है। साथ ही साथ में उन्होंने उनकी कानून लड़ाई के लिए अपने सहयोगियों को लगा दिया है। इस दौरान अचल प्रताप सिंह एडवोकेट, यादव सिंह एडवोकेट, अरविंद कुमार वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा अर्चना



मठिया देवी मंदिर पर पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के दूसरे स्वरुप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की।

मां ब्रह्मचारिणी के नाम में ब्रह्म शब्द का अर्थ है तपस्या यानी ब्रह्मचारिणी का अर्थ है. तप का आचरण करने वाली। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से व्यक्ति के अंदर जप-तप की शक्ति बढ़ती है। मां ब्रह्मचारिणी अपने भक्तों को संदेश देती हैं कि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

शुक्रवार को शहर के प्रमुख देवी मन्दिरों को भव्यता से सजाया गया था। भोर होते ही मन्दिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। देवी मूर्तियों का नये वस्त्रों व आभूषणों से श्रंगार किया गया था। महाकाल मन्दिर, गुरुगांव देवी मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, मठिया देवी मन्दिर, मां वैष्णो देवी मन्दिर सहित सभी देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। गुरगांव देवी मंदिर के बाहर लगीं पूजा सामग्री की दुकानों पर भक्तों जमकर खरीददारी की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है।

रेलवे रोड स्थिथ मठिया देवी मन्दिर व भोलेपुर स्थित मां वैष्णोदेवी मन्दिर में भी मां की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मन्दिरों में भारी भीड़ उमड़ी। ऐतिहासिक मन्दिर मठिया देवी में भक्तों ने पूजा अर्चना की तथा प्रसाद चढ़ाया। पूरे दिन देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। घरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। शाम के समय घरों में महिलाओं ने देवी जागरण किये। इसके अलावा जिले के अन्य कायमगंज, राजेपुर, कमालगंज, नवाबगंज, मोहम्मदाबाद, अमृतपुर में भी देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

## रंजिश में युवक को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर दी। आरोपित युवक के घायल होने पर उसे रास्ते में छोड़कर भाग गए। स्वजनों ने फायरिंग की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर एक आरोपित के खिलाफमारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव चमन नगरिया शादनगर निवासी करू उर्फ छविराम गुरुवार शाम बाजार करने सिवारा गया था। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी समय रास्ते में गांव निवासी कैलाश पहले से घात लगाए बैठा था। उसने लाठी-डंडों से युवक पर हमला कर दिया। जिससे वह बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। आरोपित ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। युवक का सिर फट जाने से बेहोश हो गया। आरोपित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों ने फायरिंग कर युवक को घायल कर देने की सूचना पुलिस को दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस को मामला मारपीट का मिला। पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। शुक्रवार सुबह पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर कैलाश के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ब्रिटिशकालीन चौकी में एक बार फिर मिलेगा ग्रामीण जनता को न्याय



ग्रामीणों के साथ बैठक करते सीओ व थानाध्यक्ष

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर में स्थित ब्रिटिश कालीन चौकी को पुनः संचालित करने और चौकी को जीवंत करने के लिए क्षेत्राधिकारी रवींद्र नाथ राव ने थाना इंचार्ज मीनेश पचौरी और चौकी इंचार्ज विमल कुमार की मौजूदगी में कस्बावासियों के साथ पुरानी चौकी परिसर में खुली बैठक की।

कस्बा निवासी संजय अग्निहोत्री के प्रयास से यह चौकी पुनः शुरू होने जा रही है। अमृतपुर पुरानी पुलिस चौकी का शुभारंभ ब्रिटिश काल में हुआ था। जो की सन 1990 तक चलता रहा। इसके बाद इस चौकी की तरक्की हुई और कुछ दूरी पर थाना बन गया। जिसके चलते पुलिस चौकी की यह जमीन वीरान हो गई और यहां पर बना पुलिस कार्यालय हवालात लोगों के लिए ऐतिहासिक हो गया। पुलिस चौकी निर्माण में ऐतिहासिक मोड़ आया। संजय अग्निहोत्री और कुछ ग्रामीणों के प्रयास से इस चौकी के पुनः जीर्णोद्धार के कारण बनने लगे। इसी क्रम में आज क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय, थाना प्रभारी मीनेश पचौरी, चौकी इंचार्ज विमल कुमार अपने हमराह साथियों के साथ चौकी प्रांगण में पहुंचे और वहां गांव के संभ्रांत नागरिकों को इकट्ठा किया। जिसमें ग्राम प्रधान संजू तिवारी, पूर्व प्रधान पति प्रदीप सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक राधेश्याम त्रिपाठी, शिवा अवस्थी, प्रिंस चौहान, यामीन खाँ, ठाकुर जयवीर सिंह, चंद्रप्रकाश शुक्ला, खुशीराम गुप्ता, सुभाषचंद्र आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए। वहीं क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वह चाहते हैं कि नवरात्रि में ही पूजन के साथ शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाए और इस कार्य की साक्षी थाना अध्यक्ष पचौरी बने। जिस तरह से मंदिर बनवाने वाले चौकी इंचार्ज श्रीराम गोडसे लोगों की यादों में है इसी तरीके से वर्तमान थाना अध्यक्ष भी इस चौकी को यादगार बनाने में पूर्ण सहयोग करें। इस सुझाव का लोगों ने उत्साह वर्धन किया और अधिकारी को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पुलिस ने अभियुक्त को तमंचा सहित पकड़ा



तमंचा सहित पकड़ा गया आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा अभियुक्त विनीत पुत्र प्रेम नन्दन निवासी बघऊ थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ को 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 217/ 24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत किया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक भोलेंद्र चतुर्वेदी, उ0नि0 इमरान फरीद, कांस्टेबिल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबिल रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव हमारे लिए मसीहा से कम नहीं: उखरा पीड़ित




गांव के बाहर लगा मेडिकल कैंप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन उखरा गांव में प्रशासन द्वारा की गयी तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही के बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ गांव पहुंचकर पीड़ितों से मिले थे और उन्हें आर्थिक मदद मुहैया कराकर खाना व दवाई पहुंचाने का कार्य किया था। तब से लेकर लगातार खाना व दवाई पीड़ितों को पहुंचायी जा रही है।

शुक्रवार को भी पीड़ितों को वहां चल रही रसोई के माध्यम से खाना मुहैया कराया जा रहा है। वहीं कैंप लगाकर दवाई भी दी जा रही है। जिससे वहां के पीड़ित डॉ. जितेंद्र सिंह यादव को दुआयें देते नहीं थक रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि डॉ. जितेंद्र सिंह यादव उनके लिए मसीहा बनकर आये। जबकि अन्य लोग हालचाल पूछकर ही लौट रहे हैं। वहीं प्रशासन की इस कार्यवाही की हर कोई निन्दा कर रहा है। लोगों का कहना है कि लेखपालों के साथ हुई मारपीट में कई दोषियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिनका घटना से दूर-दूर का वास्ता नहीं है। गांव में सिर्फ महिलायें ही दिख रही हैं। जो काफी भयभीत हैं। वहीं कुछ पुरुष हैं भी जो डर की वजह से गांव में नहीं रुक रहे हैं। लगाये गये निःशुल्क मेडिकल कैंप में डॉक्टर विकास पटेल, डॉ0 राजीव मोहन, डॉक्टर रितिका, डॉ. स्वाति, फार्मासिस्ट चंद्रभान सिंह, एंबुलेंस चालक सुमित कुमार, मित्र सेन आदि लोग कैंप में मौजूद रहे और वहां बीमार लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लगातार दवाएं वितरण कर रहे हैं।

## शमसाबाद नगर की गलियों में पड़ी आयरन की गोलियां, जिम्मेदार मौन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कूड़े के ढेर में पड़ीं आयरन की गोलियां

दो दिन पूर्व पुरानी गल्ला गोदाम के बगल में खाली पड़ी जगह में जब गुजरने वाले लोगों ने आधा सैकड़ा से अधिक आयरन की गोलियों के डिब्बे पड़े देखे, तो लोगों में हड़कंप मच गया। यह खबर नगर में आग की तरह फैल गई।

देखते ही देखते मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। बताते हैं खाली पड़ी जगह में दो दिन पूर्व सुबह के वक्त लोगों ने आयरन फोलिक एसिड की गोलियों के सैकड़ों डिब्बे पड़े देखे, तो लोगों में तरह-तरह की चर्चायें होने लगीं। लोगों का कहना था आखिर यह यहां कहां से आए आयरन की गोलियो के डिब्बे। बताते हैं यहां लगभग आधा सैकड़ा से भी ज्यादा आयरन फोलिक एसिड गोलियों के डिब्बे पड़े हुए थे। जब इसकी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद के कर्मचारियों को हुई, तो मौके पर अस्पताल कर्मी पहुंच गए और बिखरे पड़े दवाईयो के डिब्बे अपने साथ ले आए। जो दवाइयों के डिब्बे पड़े मिले हैं उन पर एक्सपायरी डेट 3/2025 पड़ी हुई है।

बताते है अस्पताल कर्मी सभी डिब्बों को इकठ्ठा कर ले बोरी में भर कर ले गए हालाकि जब उक्त प्रकरण की जानकारी अस्पताल कर्मियों से की गई, तो फार्मासिस्ट विजय यादव का कहना था कि कुछ दिन पूर्व आयरन फोलिक एसिड की गोलियां बीआरसी शमसाबाद को दी गई थीं। उन्होंने बताया बच्चो में खून की कमी न हो इसलिए यह गोलियां 14 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जाती हैं। आयरन की गोलियों के डिब्बे वहां कैसे पहुंचे यह जांच का विषय है। मालूम रहे विगत माह ढाईघाट शमशाबाद की गंगा नदी में पुल के नजदीक सुबह के वक्त लोगों ने सरकारी दवाइयों का जखीरा पड़ा देखा था। इस जखीरे को लेकर लोगों ने तरह-तरह की चर्चा की थी।

## बंधक बनाकर मारपीट करने में 6 नाम दर्ज व 7-8 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

- मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवधेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी

बंधक बनाकर गाली-गलौज व मारपीट तथा धमकी देने के मामले में थाना क्षेत्र के गांव हमीरखेड़ा निवासी रामनिवास पुत्र भगवत दयाल शर्मा ने गांव के ही प्रवेन्द्र यादव पुत्र सुरेश सिंह यादव, आकाश यादव पुत्र प्रवेन्द्र यादव, आदित्य यादव पुत्र राम सेवक यादव, जय यादव पुत्र सुरेश सिंह यादव, अजीत पुत्र निर्मल सिंह यादव, योगेन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह यादव तथा 7-8 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज कराये गये मुकदमे में दर्शाया गया कि गांव के एक व्यक्ति युवती 30 सितम्बर को अपनी मर्जी से कहीं चली गई थी। जिसके चलते मेरे भतीजे आकाश शर्मा पर संदेह के आधार पर गांव के ही प्रवेन्द्र यादव पुत्र सुरेश सिंह यादव, आकाश यादव पुत्र पुत्र प्रवेन्द्र यादव, आदित्य यादव पुत्र राम सेवक यादव, जय यादव पुत्र सुरेश सिंह यादव, अजीत पुत्र निर्मल सिंह यादव, योगेन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह यादव तथा 7-8 अज्ञात व्यक्ति 4 अक्टूबर सुबह 5 बजे मेरे दरवाजे पर आकर मुझे व मेरे पुत्र सौरभ तथा पडोसी रोहन शर्मा, प्रशांत शर्मा उर्फ गोल्डी, निखिल शर्मा, हिमांशु शर्मा को घर से बुलाकर बाबा श्री मौज गिरी इण्टर कालेज हमीरखेड़ा ले गए और हम लोगों को बंधक बनाकर कालेज में बैठा लिया तथा गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवधेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी।

## दूल्हा बने श्रीराम को देखने उमड़े लोग, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा



भगवान गणेश की आरती उतारती जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व अन्य

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने भगवान गणेश का तिलक कर बारात को किया रवाना

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

श्री धार्मिक रामलीला मेला कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात नगर में धूमधाम से निकाली गई। रामबारात के दौरान भगवान की विभिन्न झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया। डीजे के धुन पर भक्त खूब नाचते गाते रहे। श्रीराम बारात को कमेटी के अध्यक्ष बबलू शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने भगवान गणेश जी तिलक कर रवाना किया।बारात में सबसे आगे बैंड बाजे वाले मधुर ध्वनि बिखेरते हुए चल रहे थे। बारात के साथ भगवान गणेश, शिव पार्वती, भगवान ब्रह्मा, माता दुर्गा और राधा कृष्ण समेत देवी देवताओं की झाकियां चल रहीं थीं। बारात में सबसे पीछे आकर्षक ढंग से सजे विशाल रथ पर श्रीराम अनुज लक्ष्मण के साथ विराजमान थे और सैकड़ों बाराती आगे-आगे नाचते-गाते बारात में शामिल हुए। जनकपुर में बारात का स्वागत भव्य तरीके से किया गया है। साथ ही सीता स्वयंवर, लक्ष्मण, परशुराम संवाद, राम जानकी विवाह, राम बारात व जानकी विदाई का इतना सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। राम विवाह के लिए आकर्षक मंच बनाया गया। बारात जिधर से गुजरी उधर देखने वालों की भीड़ बढ़ती गई। जगह-जगह बारात के स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। बारात शाम सात बजे रामलीला मेला स्थल से शुरू हुई। नगर के सभी मोहल्ले व मंदिरों से होती हुई पुनः रात्रि करीब 12 बजे मेला स्थल पर जाकर संपन्न हो गई। बारात की व्यवस्था में रामलीला कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों राजन मिश्रा, सुरेन्द्र सैनी, ओमशक्ति सैनी, रामू पाठक, निशांत गुप्ता, अभिषेक पांडे, महेश शाक्य, मोनू मिश्रा, नन्हें मिश्रा, राजेश कठेरिया, सुग्रीव शाक्य, सौरभ मिश्रा, सत्यवीर माथुर, आलोक राजपूत, रामेत वर्मा ने सहयोग किया। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या पुलिस फोर्स के साथ पूरे समय बारात के साथ मौजूद रहे।

## विद्यालय का ताला तोड़कर नगदी व सामान चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने कीमती सामान व प्रधानाचार्य के कार्यालय की सेफ तोड़कर उसमें रखी नगदी चोरी कर ली। अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार प्रजापति ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार प्रजापति निवासी बेवर रोड धन्सुआ जिनका ज्योति पब्लिक स्कूल के नाम से विद्यालय है और दूसरा विद्यालय कमालगंज के ग्राम न्योधापुर रुनी में ज्योति पब्लिक के नाम से है। गुरुवार की रात्रि चोर विद्यालय के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अन्य कमरों के भी ताले तोड़कर कीमती सामान के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधक कक्ष का भी ताला तोड़कर उसमें रखी सेफ को तोड़कर नगदी आदि कीमती सामान चोरी कर ले गये। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार प्रजापति ने बताया कि मैंने पुलिस अधीक्षक से लेकर पुलिस के कई अधिकारियों को फोन किया, लेकिन कई घंटे तक किसी का कोई जबाव नहीं आया। उन्होंने राजपूताना चौकी पहुंचकर मुकदमा दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी की तहरीर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में शराब पीने से युवक की मौत हो गयी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी एक युवक पर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र ग्राम महरुपुर सहजू निवासी 30 वर्षीय आलोक पुत्र छोटे जो शराब पीने का आदी था। बीती रात शराब पीने से उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन आनन-फानन में परिजन उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की पत्नी ने एक युवक ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पीड़ितों से मिले गगन यादव, सर्दी शुरु होने होने से पहले छत दिलाने का दिया आश्वासन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



पीड़ितों से मिलते गगन यादव

बीते दिन उखरा ग्राम में प्रशासन द्वारा ध्वस्त किये गये मकानों के बाद पीड़ितों का दुख दर्द बांटने कई लोग पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आई.आर.ओ.के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव ने भी पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उखरा में 400 केवीए के बन रहे पावर प्लांट के लिए शासनादेश के अनुसार प्रशासन द्वारा ध्वस्त कराए गए घरों के पीड़ितों का हालचाल लेने के लिए गगन यादव अपने दर्जनों साथियों के साथ पहुंचे। बताते चलें कि गगन यादव मेरठ निवासी है तथा आई.आर.ओ.के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की। उसके बाद उनसे ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष बलराज भाटी की शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत करने पर उन्होंने थानाध्यक्ष से अलग से वार्ता की। वहीं थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने उनको आश्वासन दिया की कोई भी व्यक्ति जो दोषी नहीं होगा उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। बाकी उनकी मजबूरी है। कानून का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है।

वहीं गगन यादव ने वहां मौजूद लोगों को सर्दी का मौसम शुरू होने से पहले छत दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जो अनिल कुमार की पुत्री प्रवीण की शादी 27 नवंबर को है उसमें वह जरुर भाग लेंगे और जो सहयोग होगा वह करेंगे। ऐसे ही कई आश्वासन ग्रामीणों को दिए। इस मौके पर गगन यादव, रवि यादव, नवाबगंज नगर पंचायत के सभासद राहुल यादव, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव, विनय यादव, मित्रसेन यादव, रोहित यादव, अभिषेक यादव, धर्मेंद्र यादव, आकाश यादव, जयपाल यादव, गौरव यादव, तस्लीम खान, डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित सैकड़ों साथी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे।

# जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

▸ विजेताओं को प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित


विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर व अन्य शिक्षक


ऊंची कूद प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतियोगिता का सुभारम्भ म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य संयोजक लेफ्टि0 गिरिजाशंकर तथा सह संयोजक कैप्टन बलविंदर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न करायी गयी। जिसमें प्रमुख रूप से शार्ट पुट सब जूनियर बालक में प्रथम केशव, द्वितीय अनमोल रहे। 200 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम अंकित राजपूत, द्वितीय अनमोल रहे। जूनियर बालिका वर्ग 3000 मीटर दौड़ प्रथम स्थान कोमल, द्वितीय अंशी रही। ऊंची कूद बालिका जूनियर वर्ग में करिश्मा प्रथम, निक्की द्वितीय रही। लंबी कूद में प्रथम स्थान वैष्णवी, द्वितीय निम्मी रही। सीनियर बालक वर्ग हैमर थ्रो में प्रथम स्थान पारस, द्वितीय स्थान उत्तम रहे। लंबी कूद में प्रथम स्थान नजीम, द्वितीय स्थान साहिद रहे। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान रमन, द्वितीय स्थान आदर्श ने स्थान प्राप्त किये। इसके साथ ही अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह, जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास, सुधाकर चतुर्वेदी, संजीव चौहान तथा निर्णायक मंडल ने सभी विजेताओं में देवेंद्र कुमार, सतेंद्र सिंह, केशव गंगवार, ऋतु मिश्रा, आरती यादव, अर्जुन प्रताप सिंह, सुनील पाल, नेहा भारद्वाज, राहुल यादव, अनुराग पटेल, सुब्रत शाक्य आदि लोगों ने प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष दुबे, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, प्रदीप कुमार जायसवाल, संजीव कुमार, अमिताभ सिंह, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा, यशवंत सिंह, प्रशांत कुमार मिश्रा, शैलेन्द्र यादव, निशीत सक्सेना, आदि लोगों उपस्थित रहे।

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में मनाया गया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

▸ प्रधानाचार्या ने शपथ दिलाकर छात्राओं को किया जागरुक


शिक्षिकाओं व छात्राओं को शपथ दिलाती प्रधानाचार्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने शपथ दिलायी, साथ ही विद्यालय में निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के सभी नियमों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने सड़क सुरक्षा के कुछ महत्वपूर्ण नियम विद्यार्थियों को समझाए। सड़क पर चलते समय हमेशा बाईं ओर चलें। सड़क पार करने के लिए जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें। सड़क पार करने से पहले दोनों ओर देखकर ही आगे बढ़ें। ट्रैफिक लाइट का पालन करें, लाल लाइट रुकने का संकेत है, हरा चलने का और पीला धीमा होने का। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। हमेशा सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें। गति सीमा का ध्यान रखें। नागरिकों, बच्चों और पैदल चलने वालों का विशेष ध्यान रखें। इन नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने सभी अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

# तहसीलदार के आश्वासन पर चौथे दिन लेखपालों का धरना समाप्त

▸ पीड़ित दोनों लेखपाल बोले कार्यवाही से हम संतुष्ट


धरने पर बैठे लेखपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लेखपाल संघ की जिला कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार तहसील सदर में तीनों तहसीलों के पदाधिकारियों व साथियों के साथ ग्राम उखरा थाना नवाबगंज में घटना के पीड़ित दोनों लेखपाल साथी रुद्र प्रताप सिंह व सौरव पाण्डेय से की गई मारपीट को लेकर धरना दिया गया। प्रशासन व पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व कार्यवाही के बाद सभी लेखपालों को जानकारी दी गई। दोनों पीड़ित लेखपाल कार्यवाही से संतुष्ट हुए जिस पर जिलाध्यक्ष अजीत कुमार द्विवेदी के निर्देश पर धरना को समाप्त किया गया। जिला मंत्री डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि बीते दिन एडीएम को ज्ञापन दिया गया था, मिले आश्वासन को लेकर धरने को स्थिगित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्ण रुप से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। अन्यथा संघ दोबारा धरना के लिए बाध्य होगा। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय के कहने पर लेखपालों ने धरना समाप्त किया और कहा कि सभी दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।


शोकाकुल परिवार के लिए शोक व्यक्त करते शिक्षक

# मृतक शिक्षक परिवार के लिए अध्यापकों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक व अविनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बीआरसी राजेपुर में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण में पहुंचकर शिक्षकों ने जनपद अमरोहा अमेठी में शिक्षक परिवार के साथ हुई घटना की निंदा की और खण्ड शिक्षाधिकारी राजेपुर अनूप कुमार सिंह द्वारा दिवंगत परिवारों के लिए शोक संवेदना व्यक्त की गई। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों से आवाह्न किया गया कि 5 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट कर उचित कार्यवाही कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जायेगी। इस मौके पर धीरेन्द्र यादव, प्रमोद कुमार, शालिनी, हेमलता, राजेश यादव, अविनेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कनोडिया बा.इ.का. में संचारी रोग जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



संचारी रोग जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

संचारी रोग प्रभारी दर्शना शुक्ला ने संचालन करते हुए संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के संबंध में विविध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक व उप प्रबंधक एवं डॉ. ज्योति गुप्ता, अमित सिसोदिया व काउंसलर सूरज दुबे आदि लोगों ने संचारी रोगों के बारे में छात्राओं को जागरुक किया। मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत गुप्ता ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि के विषय में जानकारी दी और कहा कि साफ-सफाई, डायरिया की रोकथाम एवं ओआरएस रखे। थीम पर दर्शना शुक्ला ने अपने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता तथा पर्यावरण पर विद्यार्थियों को जागरुक किया। संचारी रोग से संबंधित क्विज, चित्रकला, कविता, निबंध प्रतियोगितायें हुई। ज्योति गुप्ता ने आंखों को स्वस्थ्य रखने के उपाय बताये। शिक्षिका पूनम शुक्ला ने कार्यक्रम में सहयोग किया। प्रधानाचार्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्या कुसुमलता, राधा दीक्षित, अर्चना शुक्ला उपस्थित रही। अरसला व माही ने पोस्टर द्वारा विचार प्रस्तुत किये। सूरज दुबे ने तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारियां दी।

## इग्नू की प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। सेमेस्टर तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यक्रमों जैसे बीए, बी कॉम, एमए, एम कॉम, बीबीए, पीजीडीआरडी, पीजीडीडीएम, एमएआरडी आदि में उक्त विस्तारित तिथि तक इग्नू की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रवेश लिए जा सकते है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है। नवीन सत्र के लिए ऑन लाइन फार्म 15 अक्टूबर तक भरे जायेगें। यह जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र डीएन कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने दी है।

# भाकियू श्रमिक जनशक्ति का धरना प्रदर्शन 7 अक्टूबर को

▸ समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति द्वारा किसानों की समस्यायें उठायी गई। जिसमें ग्राम पंचायत बिलावलपुर, सोता पुल के पास मंगलीपुर, रुपनगर रोड पर 7 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन होगा। पेयजल एवं साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

क्योंकि धरना में महिलायें भी होगी। मांगों को उठाते हुए बताया कि दो पुलिया पर गंगा के दोनों तरफ तटबंध, बाढ़ पीड़ितों को फसल का मुआवजा एवं किसानों का कर्ज माफ किया जाये। ग्राम पंचायत उखरा बीसलपुर नवाबगंज में बिना नोटिस यादव समाज के प्रशासन द्वारा मकान ध्वस्त किये गये है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किये गये है मुकदमा वापस लिया जाये। ग्राम पंचायत भोजपुर कमालगंज के ग्राम प्रधान व सचिव फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी बनाकर कार्य करते है। कई बार शपथ पत्रों के साथ शिकायत की गई। विभागीय अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसे में लोगों में आक्रोश है।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव, केशव पाल, प्रदीप कुमार, अजय, उमेश यादव, रामनरेश, सुनील, प्रदीप कुमार, आदेश कुमार, विशम्बर सिंह, संदीप कुमार आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# मुनि आगमन, ताड़का वध तथा श्रीराम सीता मिलन का मंचन देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध


रामलीला का मंचन करते कलाकार मौजूद श्रोता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला कमेटी फतेहगढ़ की ओर से नगर के मोहल्ला श्रीराम निवास सब्जी मंडी स्थित श्रीराम चबूतरा पर लीला के तीसरे दिन श्रीराम जानकी राम लीला मण्डल सरिगवां बिल्हौर के कलाकारों द्वारा मुनि आगमन, ताड़का वध तथा श्रीराम सीता मिलन प्रसंग मंचित हुआ।

कमेटी अध्यक्ष रवीश कुमार द्विवेदी द्वारा आरती पूजन करने के बाद लीला का मंचन शुरू किया गया। लीला में दर्शाया गया कि ब्रम्हर्षि विश्वामित्र अपने आश्रम पर यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे थे कि यज्ञ में असुरो द्वारा विघ्न डाला जा रहा था। असुरों से परेशान होकर ब्रम्हर्षि विश्वामित्र अपने यज्ञ की रक्षा के लिए महाराज दशरथ से मिलने अयोध्या पहुंचते है। वहां पहुंचे तो महाराज दशरथ को ब्रम्हर्षि विश्वामित्र के आगमन की सूचना द्वारपालो द्वारा मिलती है, तभी दशरथ से विश्वामित्र उनके पुत्रों को मांगने आते है।

राजा के इंकार को सुनकर ब्रम्हर्षि विश्वामित्र क्रोधित हो उठे। उनके क्रोध को देखकर महाराज दशरथ के कुल गुरू महर्षि वशिष्ठ ने अनेको प्रकार से महाराज दशरथ को समझाया और कहा कि हे राजन आप राम लक्ष्मण को ब्रम्हर्षि के हवाले कर दीजिए। इसी में भलाई है। गुरूदेव की आज्ञा पाकर महाराज दशरथ ने अपने दोनों पुत्रों राम लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा के लिए भेज देते है। रास्ते में उन्होंने शिला देखी। विश्वामित्र ने बताया कि यह शीला गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या की है, श्राप के कारण शिला बन गयी। उनके चरण के स्पर्श से शिला नारी में परिवर्तित हो गयी। श्रीराम के आग्रह पर विश्वामित्र ने बताया कि हे राम यह पद चिन्ह राक्षसी ताड़का का है, इतना कहने के बाद उन्होंने श्रीराम से ताड़का का वध करने का इशारा किया। गुरूदेव के इशारा पर श्रीराम ने अपने बाण से ताड़का का वध कर दिया।

कुछ दिन बीतने के बाद श्रीराम लक्ष्मण ब्रम्हर्षि के आश्रम पर रहने लगे, उधर बाद महाराज जनक द्वारा जनकपुर में स्वयम्बर रचाया गया था। जिसमें ब्रम्हर्षि विश्वामित्र को निमंत्रित किया गया था। निमंत्रण पाकर ब्रम्हर्षि विश्वामित्र अपने दोनों चेलों श्रीराम व लक्ष्मण के साथ जनकपुर के लिए प्रस्थान कर देते है। लीला पंडाल में दर्शकों की भारी भीड़ उपस्थित रही।

## खबरें एक नजर में

### बैल के हमले में युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी विनोद कुमार द्विवेदी पर बैल ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका इलाज हुआ।

### किशोरी ने गृहकलह से क्षुब्ध होकर पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के सीपी तिराहा निवासी अभियान्शी उम्र 15 वर्षीय पुत्री बालकराम ने ग्रहकलह से शुब्द होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी को एक्सपायरी डेट की मिली नमकीन व पेय पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के पानी की टंकी के पास बालाजी कन्फैक्शनरी की दुकान पर छापामारी कर मिसाइल नमकीन, पेय पदार्थ एक्सपायरी डेट की मिलने पर उन्होंने उसका सेम्पल लेकर नष्ट कराई। छापेमारी की खबर से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये।

### एंबुलेंस व कार की भिड़ंत में चिकित्सक सहित नौ घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एम्बुलेंस व कार की भिड़ंत में चिकित्सक सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान वाहनों की गति तेज होने के कारण उनके परखच्चे उड़ गये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहग: के मोहल्ला हाथीखाना निवासी डॉ0 बाल गोविन्द दुबे व शान्ति नगर फतेहगढ़ निवासी भोला सिंह श्रीवास्तव के साथ मैंनपुरी जा रहे थे। उसी दौरान थाना जहानगंज के ग्राम रतनपुर के निकट मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही एम्बुलेंस से कार की जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिससे चिकित्सक की कार सड़क किनारे खड्ड में चली गयी और उसके अगले भाग के परखच्चे उड़ गये। वहीं एम्बुलेंस में छिबरामऊ निवासी 27 वर्षीय कमलेश पुत्र बालेश अपनी पत्नी 30 वर्षीय सन्नो को तबियत खराब होने पर एम्बुलेंस से फर्रुखाबाद ला रहे थे। दुर्घटना होने से एम्बुलेंस में लेटी बीमार सन्नो के साथ ही उसका पति कमलेश एम्बुलेंस चालक अंकुर निवासी हापुड़, 36 वर्षीय हरीकिशन पुत्र सुरेश, 40 वर्षीय श्रीकृष्ण पुत्र रामेश्वर दयाल, 40 वर्षीय कुसुमलता पत्नी पिंटू, 55 वर्षीय कृष्णपाल पुत्र भैरव भी घायल हो गये। सूचना मिलने पर दारोगा अच्छे लाल पाल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से लोहिया अस्पताल भिजवाया।

# डीएम ने विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित


डीएम से सम्मानित होते ताइक्वांडो के पदक विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

68वी राज्य स्तरीय विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जमुनाराम मेमोरियल स्कूल चितबड़ गांव बलिया एवं बालिकाओं का आयोजन इनविक्टस इंटरनेशनल स्कूल भगवानपुर रोड बलिया में आयोजित की गई।

जिसमें कानपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए जनपद के 07 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने जनपद व मंडल के लिए 01 स्वर्ण पदक 01 रजत पदक 03 कांस्य पदक जीते। जनपद वापसी पर जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह ने मेडल पहना कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खेल प्रभारी माध्यमिक अतुल दास, पीटीआई आरती यादव, ताइक्वांडो प्रशिक्षिका रूबी व अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं पीटीआई उपस्थित रहे। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी फैज, रजत पदक विजेता नवनीत, कांस्य पदक विजेता रोहिणी कुमारी, कांस्य पदक विजेता कशिश, कांस्य पदक विजेता रौनक कनौजिया को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। फैज के स्वर्ण पदक जीतने पर कोच आदित्य राठौर, पीटीआई अनिकेत ने बधाई दी।

# गैंगेस्टर के मामले में तीन अभियुक्तों पर दोष सिद्ध

▸ आरोपियों को दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने गैंगेस्टर के मामले में दीपक पुत्र नरसिंह निवासी सेपरेट क्वाटर आरआरसी फतेहगढ़, टेम्पू पुत्र गुलाम, मोहम्मद फारूखी निवासी हाथीखाना फतेहगढ़, राजू उर्फ राजेश शुक्ला पुत्र सुभाष चंद्र निवासी मोहल्ला बजाजा फतेहगढ़ के दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार चार वर्ष का कारावास से दंडित किया। बीते 26 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी राकेश कुमार व हमराह व सरकारी जीप चालक सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था व तलाश वांक्षित अपराधियों की तलाश में समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत उपरोक्त अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज किया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने दीपक, टेम्पु, राजू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार-चार वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# गांव के दबंगों ने अधेड़ को पीटकर किया घायल

▸ घायल को मेडिकल न करते हुए उसे लोहिया अस्पताल किया रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कम्पिल क्षेत्र के गांव सिवारा चमन नगरिया निवासी छविराम (40) को परिजन व पुलिस गंभीर हालत में देर रात सीएचसी लाए। जहाँ गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उक्त घायल को मेडिकल न करते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं उपचार के दौरान गंभीर घायल छविराम की मां बिटोली देवी ने बताया कि उसने हिन्दू रीति रिवाज से अपने बेटे छविराम की शादी की थी। छविराम की पत्नी से चार संताने हुईं। दो पुत्र व दो पुत्रियां उसके बाद दो साल पहले मेरी बहू गांव के ही एक युवक के साथ एक पुत्र व एक पुत्री साथ लेकर चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद वह नहीं मिली। अब दो साल के बाद वह उसी युवक के साथ 2 अक्टूबर को दिन बुधवार को गांव चली आई और उसी गांव के युवक के घर रह रही है। 3 अक्टूबर दिन वृहस्पतिवार को मेरा पुत्र बाइक से सिवारा गया था। वापस आते समय रास्ते में गांव के ही दबंगों ने उस पर हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## एसपी के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी हिरदेश के घर लगभग बीस दिन पूर्व घर के पीछे दीवार नकब लगाकर घुसे चोरों लाखों की नगदी व जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को मामले की तहरीर दी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक नामजद नवाब शेर व तीन अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया।

# शशिकांत वर्मा को लोधी महासभा ने दी श्रद्धांजलि



शशिकांत वर्मा को श्रद्धांजलि देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के तत्वावधान में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के दिवंगत भाई शशिकांत वर्मा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कमालगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ।

लोधी समाज के गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिवंगत शशिकांत वर्मा के सरल और मृदुल स्वभाव की सभी उपस्थित लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेशचन्द्र राजपूत, डॉ. धर्मेन्द्र राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, जवाहर सिंह राजपूत, बेचेलाल वर्मा, अमर सिंह राजपूत, रामपाल महात्मा, प्रेमपाल राजपूत, अभिषेकानंद, शिवकुमार गोयल, प्रबल वर्मा, प्रतिवन सिंह वर्मा, सुभाष चन्द्र वर्मा, साकेत वर्मा, इंद्रेश राजपूत प्रधान, राजेंद्र सिंह राजपूत, सतीश राजपूत, रामनरेश, डॉ. रामवरन राजपूत, प्रवीन वर्मा, जीतू सिंह वर्मा, सोवरन सिंह, पन्ना लाल राजपूत, रोशन लाल राजपूत, मनोज राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भोपाल में लिंक रोड स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा

# किसानों के फसल नुकसान सर्वे में नहीं होगा हेरफेर

एजेंसी

▸ केंद्र सरकार डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन का करने जा रही गठन

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब राजस्व विभाग का अमला किसानों के रिकॉर्ड और फसल नुकसान के सर्वे में हेरफेर नहीं कर सकेगा। इसके लिए केंद्र सरकार डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन का गठन करने जा रही है। इससे किसानों से होने वाले हेरफेर को रोकने में मदद मिलेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शुक्रवार को भोपाल में लिंक रोड स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्व अमला किसान की हर जानकारी का रिकॉर्ड रखता है।



डिजिटलाइजेशन के बाद वास्तव में कितना नुकसान हुआ है, इसका पता चल जाएगा। बोवनी के समय जैसे ही फसल आएगी, वैसे ही फोटो अपलोड कर दिए जाएंगे। इससे राजस्व अमला हेरफेर नहीं कर सकेगा। किसान को उसके नुकसान का सही मुआवजा मिलेगा। इसके लिए ड्रोन भी दिए जा रहे हैं। ड्रोन की बैटरी डिस्चार्ज होने की स्थिति देखते हुए पांच बैटरियां अलग से दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि देशभर के 21 राज्यों के 347 जिलों में जहां भी ऑयल सीड्स का उत्पादन होता है, उन राज्यों को विशेष रूप से लिया गया है। किसानों को इन क्लस्टर में फ्री में बीज, ट्रेनिंग, नई टेक्नोलॉजी से कैसे खेती करें, इसकी जानकारी दी जाएगी। ऐसी सुविधाएं इस मिशन के तहत दी जाएंगी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता न कभी खेती न किसानी की रही है। इनकी सरकार में खरीदी नहीं होती थी। इनका काम विरोध करना है, तो राजनीति के लिए विरोध करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं को रोजगार को लेकर कहा कि बेरोजगारी भत्ता समस्या का समाधान नहीं है।

**मोदी सरकार ने पिछले 120 दिनों में किसान हितैषी फैसले लिए**

उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए समर्पित केन्द्र की मोदी सरकार ने पिछले 120 दिनों में किसान हितैषी अनेक फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गुरुवार को ही दो नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इसी के अंतर्गत डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन का काम भी किया जाएगा। यह दो योजनाएं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना हैं। दोनों योजनाओं में मिलाकर एक लाख 1321 करोड़ 61 लाख रुपये खर्च होंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि साल 2022-23 में देश की कुल खाद्य तेल की आवश्यकता 29.2 मिलियन टन थी, लेकिन हमारे यहां ऑयल सीड से 12.7 बिलियन उत्पादन होता है। बाकी मांग पूरी करने के लिए विदेशों पर या आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन बनाया गया है। वर्तमान में देश में चल रहे ऑयल सीड्स प्लांट्स का उत्पादन काफी कम है। किसानों को देने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) बीज बनाएगा। इन बीज को किसानों को फ्री में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए देशभर में 600 क्लस्टर बनाए जाएंगे।

**हर साल 10 लाख हेक्टेयर एरिया में खेती की जाएगी**

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि देशभर में हर साल 10 लाख हेक्टेयर एरिया में खेती की जाएगी। उन्नत बीजों की कमी पूरी करने के लिए 65 नए बीज केंद्र बनाए जाएंगे। बीजों को सुरक्षित रखने के लिए 50 बीज भंडारण इकाइयां भी बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि उन राज्यों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, जहां केवल एक फसल खरीफ की लेते हैं। इंटरक्रॉपिंग का भी उपयोग किया जाएगा। अलग-अलग फसलों के बीच में ये बीज, फसलें लगाई जा सकती हैं। पूरी खरीद किसानों से की जाएगी।

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग है आध्यात्मिकता : राष्ट्रपति मुर्मु

राष्ट्रपति ने आध्यात्मिकता से स्वच्छ व स्वस्थ समाज विषय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान में दिया व्याख्यान

एजेंसी

**आबू रोड़ ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आध्यात्मिकता को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग बताते हुए कहा है कि विश्व के अनेक हिस्सों में व्याप्त अशांति के वातावरण और मानवीय मूल्यों का हो रहे ह्रास के समय में आध्यात्मिकता एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

श्रीमती मुर्मु शुक्रवार को सिरोही जिले के आबूरोड़ में आध्यात्मिकता से स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज' विषय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता न केवल व्यक्तिगत विकास का साधन है बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी है। जब हम अपने भीतर की स्वच्छता को पहचान पाने में सक्षम होंगे, तभी हम एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में अपना योगदान दे सकेंगे।



उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ है, अपने भीतर की शक्ति को पहचान कर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना है। शांति केवल बाहर ही नहीं बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है। जब हम शांत होते हैं, तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति और प्रेम का भाव रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्म से जुड़ाव हमें, समाज और विश्व को देखने का एक अलग सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह दृष्टिकोण हममें सभी प्राणियों के प्रति दया और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का भाव उत्पन्न करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत प्रभावों से जूझ रहे हैं तब इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह इस धरती का स्वामी नहीं है बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में अशांति का वातावरण व्याप्त है। मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है। ऐसे समय में शांति और एकता की महत्ता और अधिक बढ़ गई है। शांति केवल बाहर ही नहीं बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है।

# लड़ाकू विमानों की कमी दूर करने के लिए वादा निभाए एचएएल : वायु सेना प्रमुख

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि यदि भविष्य के युद्धों में जीत हासिल करनी है तो स्वदेशी लड़ाकू विमानों और हथियारों की संख्या बढानी होगी और इसके लिए हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को हर वर्ष 24 विमान बनाने के वादे को पूरा करना होगा।

दिनों दिन बदलती परिस्थितियों और मौजूदा युद्धों को देखते हुए वायु सेना की ताकत के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि एचएएल इस चुनौती को पूरा नहीं कर पाता है तो देश के निजी क्षेत्र को इसके लिए आगे आना होगा। उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा कि वायु सेना में लड़ाकू विमानों के स्क्वैड्रनों की संख्या रातों रात नहीं बढ़ायी जा सकती। उन्होंने कहा कि वायु सेना को अभी उसके पास जो विमान और हथियार हैं उन्हीं के साथ लड़ना होगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी कि वर्ष 2047 तक वायु सेना के बेड़े के सभी विमान और हथियार स्वदेशी होंगे। उन्होंने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा विशेष रूप से लद्दाख क्षेत्र में तेजी से ढांचागत निर्माण और सुविधाएं बढा रहा है और हम भी अपने क्षेत्र में ढांचागत निर्माण और सुविधा बढाने में लगे हैं। वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना के 92 वें स्थापना दिवस आठ अक्टूबर से पहले शुक्रवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में माना कि वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों के स्कवाड्रनों की संख्या कम है लेकिन इसे रातों रात नहीं बढाया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में एकदम कुछ नहीं किया जा सकता क्योंकि यह अल्पावधि या ऐसा मामला नहीं है कि इसे रातों रात खरीद लिया जाये। उन्होंने कहा कि खरीद के साथ साथ प्रशिक्षण भी उतना ही जरूरी है और उसमें समय लगता है।


## सीबीआई ने एनआईए के डीएसपी को 20 लाख रिश्वत मामले में किया गिरफ्तार

**पटना/गया।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पटना शाखा में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह एवं दो मध्यस्थ व्यक्तियों को 20 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया है कि इस मामले में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधान परिषद सदस्य के बेटे रॉकी से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस केस के आईओ अजय प्रताप सिंह थे। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सीबीआई को इस संदर्भ में सूचना मिली और उन्होंने तुरंत जांच शुरू की। सीबीआई ने पटना में इस मामले की जांच करते हुए डीएसपी को रंगे हाथों पकड़ा। इसके साथ दो अन्य एजेंटों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो इस भ्रष्टाचार में शामिल थे। एनआईए और सीबीआई ने जाल बिछाया, जिसमें अजय प्रताप फंस गए और उन्हें रिश्वत लेते धर दबोचा गया।

# अद्भुत नजारा : आज शाम आसमान में बेहद करीब होंगे वीनस व क्रिसेंट मून

▸ सिंदूरी शाम में दिखेगी शुक्र व चन्द्र की समीपता

एजेंसी



**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शनिवार की शाम बेहद खास होगी। इस दौरान शाम को दक्षिण-पश्चिमी आकाश में सूर्य के अस्त होने के तुरंत बाद हंसियाकार चंद्रमा (मून) और बिंदी के रूप में चमकता शुक्र (वीनस) जोड़ी सी बनाते नजर आएंगे। किसी भी खुले स्थान से इस खगोलीय घटना को बिना किसी टेलिस्कोप के खाली आंखों से ही देखा जा सकेगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शुक्रवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वीनस और मून आपस में सिमटे से पांच डिग्री से कम के अंतर पर होंगे। इन दोनों आकाशीय पिंडों की नजदीकी को टेक्नीकल रूप (खगोल विज्ञान में) से एपल्स कहा जाता है। सारिका ने बताया कि यह खगोलीय जोड़ी क्षितिज से लगभग 14 डिग्री ऊपर रहकर धीरे-धीरे नीचे आते जाएंगे। इस जोड़ी को सूर्यास्त के बाद एक घंटे से कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। इस समय हंसियाकार चंद्रमा माइनस 9.9 के मैग्नीटयूड से चमक रहा होगा जबकि वीनस की चमक माइनस 4 मैग्नीटयूड रहेगी। उन्होंने बताया कि सिंदूरी शाम को दोनों आकाशीय पिंडों की यह समीपता केवल सीमित समय तक ही दिखेगी। इसीलिए इस आकाशीय जोड़ी से साक्षात्कार करने से चूकिए मत।

## खबरें एक नजर में

**खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री गंडापुर की गिरफ्तारी पर रोक**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अली अमीन गंडापुर की गिरफ्तारी पर पेशावर हाई कोर्ट ने आज रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने उन्हें एक माह के लिए सुरक्षात्मक जमानत प्रदान की। एआरवाई न्यूज के अनुसार, गंडापुर की याचिका पर जस्टिस सैयद अरशद अली और जस्टिस वकार अहमद ने सुनवाई की। इससे पहले आज गंडापुर ने इस्लामाबाद में अपने खिलाफ दर्ज मामलों में ट्रांजिट जमानत के लिए पेशावर हाई कोर्ट का रुख किया। गंडापुर ने याचिका में कहा कि वह अदालत में पेश होना चाहते हैं लेकिन अदालत में पेश होने से पहले उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि याचिका की सुनवाई आज तय की जाए और अदालत के सामने पेश होने के लिए उनकी ट्रांजिट जमानत मंजूर की जाए। इससे पहले इस्लामाबाद में एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने आतंकवाद की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन I-9 में दर्ज एक मामले में अली अमीन गंडापुर के लिए गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अदालत ने गंडापुर की गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका खारिज कर दी अदालत के सामने पेश होने का आदेश दिया था।

**शंघाई मास्टर्स : बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची**

**शंघाई।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके क्रोएशियाई साथी इवान डोडिग ने एटीपी शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना और डोडिग की जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडो-क्रोएशियाई जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और डोडिग ने आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार ब्रेक मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है। रामकुमार ने क्वालीफाइंग राउंड के माध्यम से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी जबकि नागल को सीधे प्रवेश मिला था।

**टेक्नो का स्पार्क 30सी स्मार्टफोन जल्द होगा लॉन्च**

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** स्मार्टफोन की कम भरोसेमंद और निराशाजनक दुनिया में, टेक्नो स्पार्क 30सी पेश कर रहा है। गुणवत्ता और टिकाऊपन में सबसे भरोसेमंद साथी बिल्कुल नए स्पार्क 30सी को 8 अक्टूबर, 2024 को रोमांचक टैगलाइन क्रेज़ीली रिलायबल के साथ लॉन्च किया जाएगा। स्पार्क 30सी को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह प्रसिद्ध ट्रांसफॉर्मर्स की तरह लंबे समय तक चले। यह ऐसी खूबियों के साथ आएगा, जिन्हें मॉडर्न यूज़र्स अपने स्मार्टफोन में देखना चाहते हैं। टेक्नो स्पार्क 30सी को बेहद कम कीमत पर पेश कर रहा है, जिससे भारत द्वारा अपनाया जा रहा 5जी का सफर और भी अधिक आसान हो जाएगा। रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए इस फोन को उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने फोन की जल्दी बदलना पसंद नहीं करते हैं या फिर महंगे अपग्रेड्स नहीं खरीदते हैं। इसका 48 मेगा पिक्सेल का सोनी कैमरा फोटोग्राफी के शौकीनों को बेहद आकर्षित करेगा। इसका परफेक्ट कैमरा हर एक पल को बारीकी से कैप्चर करता है। 120 हट्र्ज़ की प्रभावशाली रिफ्रेश रेट स्पार्क 30सी को भीड़ से अलग करेगी। यह एक ऐसी सुविधा है, जो इस कीमत पर मिल पाना लगभग नामुमकिन है। यानि एक यूज़र के रूप में आप सबसे कम कीमत पर सबसे सहज विज़ुअल्स और सबसे बेहतर अनुभव कर सकेंगे। यह वही अपग्रेड है, जिसका आप लम्बे समय से इंतजार कर रहे थे।

**द. अफ्रीका की टीम पहनेगी विशेष जर्सी, प्रियजनों के नाम होंगे अंकित**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के दौरान अपने करीबी दोस्तों और परिवार को समर्पित विशेष अनुकूलित शर्ट पहनकर मैदान में उतरेंगे। खिलाड़ी जब मैदान में उतरेंगे तो उनकी प्लेइंग शर्ट पर उनके जीवन के अधिकतम पांच महत्वपूर्ण लोगों के नाम अंकित होंगे, ताकि वह घर पर अपने सबसे प्रिय और समर्थित मित्रों और परिवार की याद दिला सके। नाम प्रत्येक खिलाड़ी की शर्ट के कॉलर और नीचे की हेम के अंदर दिखाई देंगे। दक्षिण अफ्रीका की विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता का मानना है कि यह पहल एक उत्कृष्ट विचार है। जाफ्ता ने कहा, यह एक विशेष पहल है। जब मैं नीचे देखती हूं और उन लोगों के नाम पढ़ती हूं जो मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, तो यह मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने और उन लोगों की याद दिलाता है जो पहले दिन से मेरे लिए मौजूद हैं। द. अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट-जो संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप में पहली बार प्रोटियाज़ की कप्तानी करेंगी-ने कहा, टूर्नामेंट के दौरान घर का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने से मुझे ताकत मिलती है।

## भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर पहुंचे मां पीताम्बरा की शरण

**झांसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच छह अक्टूबर से शुरू होने वाली सीरीज का पहला मैच ग्वालियर में खेला जाना है। इसके पूर्व शुक्रवार को भारतीय टीम के कोच व पूर्व कप्तान गौतम गंभीर मप्र के दतिया स्थित राजराजेश्वरी देवी मां पीतांबरा की शरण में पहुंचे। उन्होंने वहां पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। भारत-बांग्लादेश के बीच हुए दो टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने बांग्लादेश को हराया था। अब छह अक्टूबर से भारत और बांग्लादेश के बीच शुरू हो रही सीरीज का पहला मैच ग्वालियर में खेला जा रहा है। मैच के एक दिन पूर्व भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और वर्तमान में कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को नवरात्रि के दूसरे दिन मध्यप्रदेश के जिला दतिया स्थित शक्ति पीठ मां पीतांबरा देवी के दरबार में पहुंचे। गौतम गंभीर ने मंदिर में पहुंच कर मां का आशीर्वाद लेते हुए पूजा-अर्चना की। करीब आधा घंटे मंदिर प्रांगण में रुक कर पूजा-अर्चना के बाद गौतम गंभीर ग्वालियर के लिए रवाना हो गए।


# कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है : शाह

▸ सरकार ड्रग्स के तंत्र का विनाश कर देश को बनाएगी नशामुक्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग्स की बहुत बड़ी खेप पकड़े जाने पर शुक्रवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है।



मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी। हमारी सरकार ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर नशामुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है।

# जम्मू-कश्मीर के युवाओं में है अद्भुत खेल प्रतिभा

एजेंसी

**उमरान मलिक की भारतीय राष्ट्रीय टीम से अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर शास्त्री ने टीम के भीतर कड़ी प्रतिस्पर्धा को स्वीकार किया। उन्होंने मलिक की क्षमताओं की प्रशंसा की लेकिन इस बात पर जोर दिया कि युवा तेज गेंदबाज को अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि उमरान को आगे की चुनौती पता है लेकिन उनमें वापसी करने की प्रतिभा है।**

**जम्मू।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच एवं क्रिकेटर रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं में खेल के क्षेत्र में बहुत प्रतिभा है। युवाओं और दिग्गजों को दिए जा रहे अवसरों से उन्हें भविष्य में खेलों में बहुत लाभ होगा।

रवि शास्त्री जम्मू के मौलाना आज़ाद स्टेडियम में मणिपाल टाइगर्स और टॉयम हैदराबाद के बीच खेले जा रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट के पहले मैच के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान शास्त्री ने 1987 में कश्मीर की अपनी आखिरी यात्रा को याद किया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीनगर में एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने वापसी को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की और जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट की संभावनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां बहुत प्रतिभा है लेकिन युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए अवसरों की आवश्यकता है। कश्मीर में मैदान अच्छी तरह से विकसित हुआ है लेकिन विकास के लिए मैचों और प्रशिक्षण के लिए लगातार अवसर आवश्यक हैं। शास्त्री ने कहा कि मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। 1987 के बाद से यहां कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला गया है। इसलिए यहां आना और लोगों की दिलचस्पी देखना बहुत मायने रखता है।



युवाओं और दिग्गजों को दिए जा रहे अवसर से निश्चित रूप से भविष्य के क्रिकेट में उन्हें बहुत फायदा होगा। साथ ही भीड़ बहुत उत्साही है और मुझे उम्मीद है कि खेल का आनंद लेने के लिए और अधिक लोग यहां आएंगे। शास्त्री ने स्टेडियम की स्थितियों पर भी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि हालांकि इस स्थल में संभावनाएं हैं लेकिन आउटफील्ड और पिच में सुधार से यह भविष्य के आयोजनों के लिए अधिक उपयुक्त हो जाएगा। रवि शास्त्री ने कहा, जब मैं छोटा था तो वरिष्ठ खिलाड़ियों को खेलते देखता था और इससे मुझे प्रेरणा मिलती थी। मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे विभिन्न प्रारूपों में खेलने के हर अवसर का लाभ उठाएं।

# एचएंडएम ने पुरुषों-महिलाओं व बच्चों के लिए पेश किया फेस्टिव कलेक्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** त्यौहारों को विशेष बनाते हुए, एचएंडएम ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए एक शानदार फेस्टिव कलेक्शन पेश किया है। त्यौहार की भावना और आकर्षण को बढ़ाने वाले इस बेमिसाल कलेक्शन में स्टाइलिश महिलाओं के लिए एक से बढ़कर एक ओकेशन वियर और पुरुषों के लिए स्पेशल वियर की शानदार रेंज शामिल है। इस सम्पूर्ण कलेक्शन को त्यौहार को जीवंत बनाने, भीड़ से अलग दिखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है।

एचएंडएम की कॉन्सेप्ट डिज़ाइनर इलियाना मसगालोस कहती हैं, हमारा दृष्टिकोण फेस्टिव सीज़न के लिए कुछ रोमांचक और विशिष्ट बनाना है, ताकि अपने ग्राहकों को एक ऐसा कलेक्शन पेश कर सकें, जो न सिर्फ स्टाइलिश और आधुनिक हो, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के व्यक्तित्व को सबसे अलग ढंग से निखारने में भी मदद करे। महिलाओं के कलेक्शन में शो-स्टॉपिंग सिल्हूट्स विशेष आकर्षण जोड़ते हैं। इसमें गॉडेस-लाइक ड्रेसेस,



स्कर्ट, ट्रांसपेरेंट ब्लाउज और पार्टियों के लिए उपयुक्त सेक्विन ड्रेसेस, बोल्ड और स्कलप्चरल ज्वेलरी शामिल हैं। फैब्रिक की अधिकतम मात्रा, ड्रेप्ड, नोटेड और आकर्षक कट्स इस कलेक्शन को त्यौहार के अनुकूल बनाते हुए इसमें जीवंत भावना जोड़ते हैं। वहीं, बोल्ड फ्लोरल प्रिंट और क्रीम, मेटालिक्स और गहरे लाल बेरी रंगों का चमकदार पैलेट इस कलेक्शन को और भी अधिक समृद्ध बना देता है। वहीं दूसरी तरफ, मेन्सवियर कंटेम्पररी एलिगेंस के साथ हेरिटेज कोड्स और शिल्प कौशल का नायब मिश्रण पेश करता है। क्लासिक सार्टोरियल कट्स को लक्ज़री निटवेअर और प्लीटेड पैंट के साथ जोड़ा गया है। इसमें खूबसूरत बटन-डाउन जैकेट, ब्लेज़र और ओवरकोट शामिल हैं। ड्रैप और साटन की चमक वाले फैब्रिक्स इस कलेक्शन के न्यूट्रल टोन में जान डालने का काम करते हैं।

# सात साल के अंतराल के बाद एचआईएल की वापसी

▸ एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें होंगी


एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने के लिए सात साल के अंतराल के बाद एक बार फिर हॉकी दीवानों के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ऐतिहासिक वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की गई कि एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें होंगी, जो पहली बार पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ एक स्टैंडअलोन महिला लीग का आयोजन करेगी।

यह स्मारकीय विस्तार हॉकी इंडिया की खेल में पुरुष और महिला दोनों प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो वैश्विक स्तर पर भारतीय हॉकी को एक नया मुकाम पर ले जायेगा। हॉकी इंडिया लीग की वापसी न केवल खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, बल्कि महिला हॉकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। एचआईएल में एक विशेष महिला लीग की शुरूआत महिला एथलीटों को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है, जो भारतीय हॉकी के लिए अधिक समावेशी और प्रतिस्पर्धी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि लीग के इस संस्करण में चेन्नई- चार्ल्स ग्रुप, लखनऊ-यदु स्पोर्ट्स, पंजाब - जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, पश्चिम बंगाल - श्राची स्पोर्ट्स, दिल्ली - एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट, ओडिशा - वेदांता लिमिटेड, हैदराबाद - रेसोल्यूट स्पोर्ट्स, रांची - नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रतिस्पर्धा करेगी। महिला वर्ग में हरियाणा - जेएसडब्ल्यू खेल, पश्चिम बंगाल - श्राची स्पोर्ट्स, दिल्ली - एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट, ओडिशा - नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइजी 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (चार जूनियर खिलाड़ियों का अनिवार्य समावेश) और आठ अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। यह संतुलित दृष्टिकोण स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय आकर्षण जोड़ने के लिए बनाया गया है। एचआईएल 2024-25 के मैच दो स्थानों झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला लीग का फाइनल 26 जनवरी 2025 को रांची में और पुरुषों का फाइनल एक फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा।

# फेस ऑफ जूस के खिताब से नवाजी गईं अग्रिति खुराना



▸ सुपरसेफ उत्पाद संग्रह सुपरसेफ कलर मैक्स लिपस्टिक व प्लेअप लिप क्रेयॉन कलेक्शन का भी अनावरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ब्यूटी इनोवेशन में अग्रणी जूस कॉस्मेटिक्स ने शुक्रवार को लखनऊ के ताज महल होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने सफल विश ए कलर, वी डिलीवर प्रतियोगिता के शिखर को चिह्नित किया, जो सौंदर्य उद्योग में उत्कृष्टता के दशक का जश्न मनाया गया और प्रतिभागियों की रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर, अग्रिति खुराना को उनके जीतने वाले नेल पॉलिश शेड अग्रितिज़ लाटे के लिए फेस ऑफ जूस के खिताब से नवाजा गया। जूस कॉस्मेटिक्स ने अपने नवीनतम सुपरसेफ उत्पाद संग्रह सुपरसेफ कलर मैक्स लिपस्टिक और प्लेअप लिप क्रेयॉन कलेक्शन का भी अनावरण किया। इस नई उत्पाद लॉन्च के साथ, ब्रांड ने अपनी वेबसाइट को नया रूप देकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दिन लाइव हुआ। जूस कॉस्मेटिक्स के प्रोजेक्ट लीड अमृत कामरा ने कहा कि अग्रिति को हमारे नए चेहरे के रूप में पेश करना सम्मान की बात है। हमारा लक्ष्य व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को बढ़ाने वाले उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहना है।